


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 03 मई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 95 | मूल्य - 5 रुपये









## हिमाचल के कुल्लू में आंधी के दौरान वाहन पर पेड़ गिरने से चार शिक्षिकाओं की मौत..

**शिमला/कुल्लू, भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में शनिवार को तेज आंधी के दौरान चीड़ का एक बड़ा पेड़ एक वाहन पर गिर गया, जिस वजह से चार स्कूली शिक्षिकाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से आनी क्षेत्र में तेज हवाएं चल रही हैं।

घटना के समय 'बोलेरो' (एचपी 01के-4621) में छह शिक्षिका और एक चालक समेत कुल सात लोग सवार थे, जो स्कूल से लौट रहे थे। हादसा शाम करीब पांच बजे शमशर-गुगरा सड़क पर बाली ओल के पास हुआ, जब अचानक आई आंधी के कारण चीड़ का पेड़ टूटकर सड़क पर चलती गाड़ी पर गिर गया।

इसके बाद पेड़ और वाहन दोनों खाई में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने सभी सातों लोगों को वाहन से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से आनी अस्पताल पहुंचाया। बाद में आनी पुलिस ने भी बचाव कार्य में सहायता की। मृतकों की पहचान स्नेहलता, बंटी, उषा और सीमा के रूप में हुई है, जो आसपास के क्षेत्रों की रहने वाली थीं। मदन लाल कौशल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले की जांच जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और जिला प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए।

# पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केंद्र पर 21 मई को पुनर्मतदान का आदेश

**कोलकाता/नयी दिल्ली, (भाषा)।**

***निर्वाचन आयोग ने ''लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन'' के कारण शनिवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर 21 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया। निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि***

इस निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 24 मई को होगी। उन्होंने कहा, ''फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 29 अप्रैल को बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन को देखते हुए, निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि इस सीट के सभी 285 मतदान केंद्र पर नये सिरे से मतदान कराया जाए। अधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण में 29 अप्रैल को फाल्टा में हुए मतदान में ''गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन'' के कारण पुनर्मतदान का आदेश दिया गया है।

आयोग ने कहा कि फाल्टा सीट के सभी मतदान केंद्रों पर 21 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक पुनर्मतदान होगा, जो ''स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी'' प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि उसने बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी, और अन्य क्षेत्र अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के साथ-साथ पर्यवेक्षकों से प्राप्त जानकारी और उपलब्ध रिकॉर्ड सामग्री का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने के बाद यह निर्णय लिया है। आदेश में कहा गया है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट में ''मतदाताओं को डराने-धमकाने, बूथ के अंदर अनाधिकृत उपस्थिति और संभावित छेड़छाड़ के आरोपों को उजागर किया गया है।''


आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ''किसी भी प्रकार कगड़बड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने'' के लिए पर्याप्त केंद्रीय बलों व सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की तैनाती और वेबकास्टिंग सुविधाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए और कड़ी निगरानी रखी जाए।

भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि पुनर्मतदान तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता एवं सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार जहांगीर खान के ''अत्याचारों'' पर ''फाल्टा की महिलाओं की जीत'' है।

### बोले अभिषेक बनर्जी..

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आपके बांग्ला विरोधी गुजराती गिरोह और उनके कठपुतली ज्ञानेश कुमार के लिए मेरे 'डायमंड हार्बर मॉडल' में जरा सी भी सेंध लगाने के लिए 10 जन्म भी पर्याप्त नहीं होंगे।''

उन्होंने कहा, ''अपनी पूरी ताकत लगा दो। मैं केंद्र सरकार को चुनौती देता हूं - फाल्टा आओ। अपने सबसे ताकतवर नेता को भेजो, दिल्ली से किसी एक 'गॉडफादर' को भेजो। अगर हिम्मत है तो फाल्टा में चुनाव लड़ो।''शुक्रवार को आयोग ने पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों - डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम - के 15 मतदान केंद्रों पर दो मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में, 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को हुए हैं। मतगणना चार मई को होगी।




# उप्रः शराब में मिलाने के लिए पानी नहीं देने पर नौ साल के बच्चे की गोली मारकर हत्या

**एटा/कासगंज (उप्र) (भाषा)।**

***उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में नामकरण संस्कार के दौरान शराब में मिलाने के लिए पानी नहीं देने पर एक युवक ने नौ साल के बच्चे को कथित तौर पर गोली मार दी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को***

यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के सहावर थाना क्षेत्र के याकूतगंज गांव में हुई इस घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृत बच्चे के चाचा अनुज के मुताबिक, घटना शुक्रवार की है। याकूतगंज निवासी जसवीर गोला के घर में बच्चे का नामकरण संस्कार चल रहा था, जिसमें रिश्तेदार और ग्रामीण शामिल हुए थे। जसवीर का रिश्तेदार एवं सोरों थाना क्षेत्र का रहने वाला धनेश यादव भी वहां मौजूद था। अनुज ने बताया कि धनेश शराब पी रहा था और उसने जसवीर के नौ वर्षीय बेटे यशपाल उर्फ यश से पानी लाने को कहा।

पुलिस ने बताया कि यश के मना करने पर नशे में धुत धनेश ने आपा खो दिया और यश के पेट में गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि गोली लगते ही कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। लहूलुहान यश को कासगंज जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। शनिवार को अलीगढ़ में इलाज के दौरान यश ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से गांव में मातम छा गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। थाना प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर तत्काल मामला दर्ज कर लिया गया।

**कासगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को खितौली नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद किया गया है। कासगंज के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश कुमार भारती ने बताया कि आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।**




# तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने अनिवार्य जांच के बिना 70 लाख किलोग्राम से अधिक घी खरीदाः जांच आयोग

**अमरावती, (भाषा)।**



आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा गठित एक सदस्यीय आयोग ने शनिवार को खुलासा किया कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने में इस्तेमाल के लिए 70 लाख किलोग्राम से अधिक घी की खरीद अनिवार्य गुणवत्ता जांच के बिना की थी।

आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस प्रणालीगत विफलता के कारण आपूर्तिकर्ताओं को मिलावटी घी उपलब्ध कराने का मौका मिला, क्योंकि अधिकारियों ने कथित तौर पर गुणवत्ता की अनदेखी की और वनस्पति वसा की उपस्थिति की पुष्टि करने वाली प्रयोगशाला रिपोर्ट को दबा दिया। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी की रिपोर्ट के बाद, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने टीटीडी को कथित तौर पर मिलावटी घी की आपूर्ति की जांच के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग गठित किया था। रिपोर्ट में व्यवस्थागत प्रशासनिक विफलताओं को मूल कारण बताया गया है, विशेष रूप से निविदा नियमों का पालन करने में। इसमें यह भी बताया गया है कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय धीरे-धीरे कमजोर होते गए। आयोग ने यह भी पाया कि खरीद समिति के सदस्यों ने कथित तौर पर पूरी समिति या संयोजक की सहमति के बिना निविदा मानदंडों में ढील दी, बोली के बाद कीमतों में कमी की अनुमति दी और घी की खरीद के लिए बिना जांच-पड़ताल के असामान्य रूप से कम बोलियों को स्वीकार किया।





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## पत्रकार सुरक्षा कानून सहित सभी मांगें पूरी होगीं- उपमुख्यमंत्री शुक्ल

**मजदूर दिवस पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने राजधानी में जबरदस्त रैली निकाल कर बुलंद की आवाज..**










जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए कहा है कि हमारी सरकार समस्याओं का समाधान करने के लिए है।***

वे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 01 मई 2026 दिन शुक्रवार को भोपाल के समन्वय भवन के विशाल सभागार में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों का पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में आए श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद न्यू मार्केट में श्रमजीवी पत्रकार साथियों ने अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली निकाल कर अपनी आवाज बुलंद की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मांग पत्र उन्हीं को दिया जाता है जो मांग को पूरा करते हैं। इसलिए निश्चित रूप से पत्रकारों की मांगों पर ध्यान दिया जाएगा। समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से होता है। सरकार ने पहले भी पत्रकारों की कई मांगों को पूरा किया है। वे मुख्यमंत्री से जरूर बात करेंगे कि पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए कमेटी क्यों नहीं बनी। श्री शुक्ल ने कहा कि सत्ता आती है, जाती है हम लोग जनता की समस्या का समाधान करने वाले लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कटाक्ष पर कहा कि उन्हें पत्रकारों की मांगों को पूरा करने के लिए मदद नहीं करनी पड़ेगी, सरकार खुद यह काम करेगी। उन्होंने कहा कि जो जहां हैं वहीं रहें। वे विपक्ष का अपना काम अच्छा कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को वरदान बनाना है तो हमें पत्रकारिता को मजबूत बनाना पड़ेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि जितना अच्छा शासन है उतना ही अच्छा विपक्ष और पत्रकारिता भी। उपमुख्यमंत्री ने श्रमजीवी साथियों की विशाल संख्या को देखकर कहा कि जितने साथी हाल में हैं उससे कहीं ज्यादा बाहर मौजूद हैं। यह सब मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के भरोसे के कारण है। इसीलिए यह संघ टिका है। इतना ही नहीं पत्रकारिता क्षेत्र के प्रदेश के मजबूत स्तंभ यहां उपस्थित हैं।

### हम पूरी कर देंगे मांग- जीतू पटवारी..

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी समन्वय भवन के सभागार में उपस्थित पपत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमजीवी पत्रकारों ने अपनी मांगों को लेकर जो भावना व्यक्त की वह स्वाभाविक है। उनकी मांगे पूरी करना सरकार का दायित्व ही नहीं पत्रकारों का अधिकार भी है। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार साथियों की मांगों का समर्थन करते हुए उपमुख्यमंत्री से उन्हें शीघ्र ही पूरा करने को कहा। श्री पटवारी ने कटाक्ष कर कहा कि आप जो मांगें छोड़ देंगे वे हम पूरी कर देंगे।

श्री पटवारी ने कहा कि आज देशभर में हालात इतने खराब हैं कि 400 पत्रकारों पर हमले हो चुके हैं और इनमें 40 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। समाज को सही दिशा में चलाने और सच्चाई उजागर करने पर पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। पत्रकार एक सैनिक की भूमिका निभाता है, उसकी रक्षा करना सरकार और समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पत्रकार कमियां खोज कर लाता है और इस पर विपक्ष आवाज उठाता है। यदि हमलों के डर से विपक्ष भी आवाज उठाना बंद कर दे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

श्री पटवारी ने कहा कि किस तरह का वातावरण है कि पत्रकारों को सुरक्षा मांगनी पड़ रही है। श्री पटवारी ने कहा कि जनसंपर्क विभाग को पत्रकारों के रक्षक बनकर काम करना चाहिए जबकि वह मुख्यमंत्री का मूड ठीक करने के काम का कर रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, राजकुमार दुबे, अमित द्विवेदी, राजेंद्र राठौर, संगठन प्रभारी मो अली, संयोजक अनुशासन समिति प्रहलाद सिंह भदौरिया, संयोजक इलेक्ट्रानिक प्रकोष्ठ मनोज गोस्वामी, सह संयोजक शासन संगठन समन्वय समिति राजेंद्र पुरोहित आदि ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने को जरूरी बताते हुए मांग पूरी होने तक सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रखने की वकालत की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर, संयोजक सदस्यता अभियान समिति सरल भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी, प्रदेश सचिव मेंहदी हसन, रामशरण पाराशर सहित पूरे प्रदेश से आए प्रदेश, संभाग, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों व पदाधिकारियों सहित हजारों सदस्य मौजूद थे। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के आव्हान पर भोपाल में जंगी प्रदर्शन, प्रदेश भर से आए हजारों की संख्या में पत्रकार साथियों के साथ सिवनी जिला इकाई के लगभग 80 पत्रकार साथियों ने शामिल होकर भरी हुंकार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के आव्हान पर 01 मई 2026 शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर राजधानी भोपाल में प्रांतव्यापी जंगी प्रदर्शन हुआ। न्यू मार्केट स्थित समन्वय भवन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में पत्रकार साथी शामिल हुए। समन्वय भवन के विशाल सभागार में प्रदेश भर से आए पत्रकारों के अपार जन समूह के बीच पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने मंच से कहा कि जल्द कैबिनेट बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ की अन्य मांगों का प्रस्ताव रखकर पत्रकारों के हित में फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जबलपुर में हादसे के कारण वहां पहुंचना पड़ा इसलिए मैं आप सबको भरोसा दिलाता हूं कि सरकार पत्रकारों के साथ सदैव खड़ी है। इसके पहले संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया सहित प्रदेश पदाधिकारी ने प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित किया तत्पश्चात सभागार से न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहा से होकर भव्य रैली के रूप में हाथों में तख्तियां लेकर पत्रकारों का हुजूम राजधानी की सड़कों पर नारे लगाते चले। चिलचिलाती धूप व 44 डिग्री के तापमान ने भी पत्रकारों का हौंसला डिगने नहीं दिया और वे अपनी मांगो को लेकर सरकार से निर्णायक भूमिका में नजर आए।

इस प्रांत व्यापी रैली प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष नन्दन श्रीवात्री, जिला महासचिव कन्हैया प्रजापति के नेतृत्व में सिवनी इकाई से बड़ी संख्या में पत्रकार साथी राजधानी भोपाल पहुंचे और आवाज बुलंद की। अभी नहीं तो कभी नहीं, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने के मुख्य उद्देश्य से मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय आह्वान पर इस बार प्रदेश भर के हजारों कलमकार आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर सरकारों द्वारा घोषणाएं व वादे तो कर दिए जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू करने में हर बार विलंब होता है। ऐसे में संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश भर के पत्रकार भोपाल में जूटे और प्रदेश सरकार को जमकर घेरा।

## नौशीन का एशिया कप हॉकी हेतु चयन पर मकसूदा मिर्जा ने दिया साधुवाद..



जगप्रेरणा सिवनी।

***मेहनत करने वालों को उनकी मेहनत का फल अवश्य मिलता है। लेकिन बुलंदी पर पहुंचने के बाद इंसान को अपने सहयोगियों को नहीं भूलना चाहिए सिवनी की बेटी नौशीन का***

एशिया हॉकी टूर्नामेंट हेतु भारतीय टीम कैंप में चयन पर लख-लख बधाइयां। खेलकुद विभाग की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती मकसूदा मिर्जा द्वारा नौशीन को बधाई दी गई। वर्ष 2021 में ग्वालियर महिला अकादमी ने चयन करता के रूप में परमजीत जी को ताहूर नाज का चयन करने की बात कही इस दौरान श्रीमती मिर्जा ने नौशिन नाज की खेल प्रतिभा को देखते हुए उसे भी खेल में शामिल करने की बात कही और उन्होंने श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उसे अपने साथ ले गए और ग्वालियर एकेडमी में शामिल किया गया।

## महिला परिषद द्वारा मजदूरों को दिया गया स्वलपाहार..




जगप्रेरणा सिवनी।

***आदमी मुसाफिर है, आता है जाता है, यह पंक्तियां किसी फिल्म की है लेकिन जीवन की हकीकत है इसी बात को ध्यान में रखते हुए***

अखिल भारतीय भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद सुंदरी संभाग एकव महिला परिषद सिवनी द्वारा प्रति माह किए जाने वाले कार्यक्रमों के तहत इस माह रेलवे स्टेशन में पंचवेली ट्रेन एवं सिवनी नैनपुर दो ट्रेनों में यात्रियों को शीतल जल तथा पेप्सी वितरित कि गयी। इसी कड़ी में 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों को स्वलपाहार स्वरूप बिस्कुट नमकीन आदि वितरित किए गए रेलवे पुलिस रेलवे स्टाफमजदूर तथा अपाहिज बुजुर्ग भी वहां मौजूद थे लोगों को शीतल जल वितरित किया गया लगभग 900 यात्रियों को अपनी सेवा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस कार्य के लिए संगठन की पांतिय कार्यकारिणी द्वारा राशि एकत्र की गई थी सहयोगी में जनसंपर्क प्रभारी श्रीमती अंजलि जैन पाक्ति प्रभारी नीलम बाझल प्रीति कौशल प्राति अध्यक्ष अनीता दिवाकर वर्तमान अध्यक्ष स्वाति जैन सचिन पूर्वी जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती नीलम धानी साहब उपाध्यक्ष नीलू जैन सुधा बाझल आदि उपस्थित रही।

## कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन..



जगप्रेरणा सिवनी।

***नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में रेडकास स्थापना दिवस (08 मई 2026 'विश्व रेडकास दिवस') को सेवा कार्य के रूप में मनायां जावेगा।***

वर्तमान में (दिनांक 02 मई 2026 से 08 मई 2026 तक रेडकास स्थापना सप्ताह सेवा कार्य के रूप में मनायां जा रहा है। दिनांक 02 मई 2026 को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. कल्पना इंगले के संरक्षण एवं महाविद्यालय के रेडकास सोसाइटी के प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व व डॉ. राशिद खान के सहयोग से महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह केम्प न्यू पहल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर फाउण्डेशन सोसाइटी द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित कियागया। इस केम्प में सिटी हॉस्पीटल, कॉमठी से सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. तंजीम आजमी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उनैजा आजमी, जनरल फिजिशियन डॉ. सारंग अत्तराम, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम साहू एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशफाक खान ने अपनी सेवाएँ दी। इसमें नेत्र परीक्षण एवं परामर्श, लेंस के द्वारा चश्मा का परामर्श, वी.पी. शुगर, ई.सी.जी. जाँच की गई साथ ही विशेष परामर्श भी दिये गये। कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को अपने दिनचर्या के सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर में अधिक संख्या में छात्राएँ, स्टॉफ एवं शहर के अन्य नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं का विशेष योगदान रहा। साथ ही स्टॉफ से डॉ. ओमप्रकाश सरवैया, प्रो. पंकज कुमार शेन्डे, प्रो. नरेन्द्र कुमार भीमटे, प्रो. लक्ष्मी मेश्राम, प्रो. अल्का उइके, प्रो. हर्षा बघेल, एवं डॉ. सोहनलाल अहिरवार, एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## पी जी कॉलेज में सीईयूटी इंटरव्यू 14 मई तक सतत जारी..

जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के एन ई पी प्रभारी डॉ मान सिंह बघेल द्वारा***

जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2026-27 में प्रवेश के लिए **CUET (Common University Entrance Test)** परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की जा रही है।

12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं उनको संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में आवश्यक दस्तावेजों (10वीं, 12वीं अंकसूची) के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा।स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/ माइनर के इतर अन्य विषय/ संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें भी अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा।

ऐसे विद्यार्थी प्रातः 11 से 2:00 बजे के बीच कार्य दिवस में किसी भी दिन, 14 मई 2026 तक उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते हैं। साक्षात्कार के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है उस प्रमाण पत्र को प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करना आवश्यक होगा। अन्यथा अन्तर संकाय / विषय में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

## मौसंबी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक गंभीर..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले में नेशनल हाईवे-44 पर एक सड़क हादसा हुआ है। मोहगांव सुकतरा के पास दोपहर में मौसंबी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।***

इस दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज गति से नागपुर की ओर जा रहा था। मोहगांव सुकतरा के समीप एक मोड़ पर चालक पवम यादव (40 वर्ष) ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक लहराते हुए बीच सड़क पर पलट गया।

हादसे में चालक पवम यादव ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। आसपास के ग्रामीण तुरंत सहायता के लिए पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को सड़क किनारे हटाया गया। इसके बाद सड़क पर बिखरी मौसंबी को हटाकर मार्ग की सफाई करवाई गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया जा सका।

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खोना ही हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। ट्रक पलटने के कारण सड़क पर मौसंबी बिखर गई, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसके चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कुछ देर के लिए पूरी तरह प्रभावित रहा। हादसे के समय ट्रक की चपेट में कोई अन्य वाहन नहीं आया।

## पत्थर से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, चालक घायल..

जगप्रेरणा घंसौर।

घंसौर थाना क्षेत्र में बीती रात देर रात एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बालपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क पर पड़े पत्थर से टकराने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में चालक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पिंडरई निवासी 35 वर्षीय मुकेश भलावी के रूप में हुई है, जो किसी काम से जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस और 112 वाहन की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर पड़े पत्थरों के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क की नियमित सफाई और निगरानी की मांग की है, ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

घंसौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के सही कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## जल संकट से जूझ रहे परतापुर रोड के रहवासी, 7 दिन से नलों में नहीं आया पानी..

जगप्रेरणा सिवनी।

नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज अंतर्गत आने वाले परतापुर रोड सहित पृथ्वीराज चौहान वार्ड और महामाया वार्ड के रहवासी बीते 7 दिनों से गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। हालात यह हैं कि नलों में एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि नल चालक की मनमानी के चलते नियमित जल आपूर्ति बाधित हो रही है। पहले यह जिम्मेदारी प्रदीप यादव के पास थी, जिसे अब सलीम खान को सौंपा गया है, लेकिन बदलाव के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि नल चालक अपने परिचितों और चहेते लोगों को प्राथमिकता देते हुए पहले पानी उपलब्ध कराते हैं, जबकि अन्य रहवासी घंटों इंतजार करने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। जल संकट को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि भीषण गर्मी के इस दौर में जल आपूर्ति बाधित होने से आमजन का जीवन संकट में पड़ गया है। रहवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# भरवेली की हिना खान मृत्यु प्रकरण में पुलिस पर लग रहे जल्दबाजी में मामले को रफा दफा करने के आरोप..

## मुस्लिम समाज नेताओ के साथ पूर्व सांसद कंकर मुंजारे भी पहुंचे पीड़ित परिवार से मिलने..

## अब तक आरोपियो को गिरफ्तार नही कर पाई पुलिस..

## पुलिस आत्महत्या प्रदर्शित करने का कर रही प्रयास.. लग रहे आरोप







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत भरवेली से लगी हुई ग्राम पंचायत हीरापुर में 15 वर्षीय नाबालिग की 27 अप्रैल को हुई मौत मामले में हत्या के आरोप लग रहे हैं। मृतका का मौत से दो घंटे पहले दो युवकों के***

साथ मोटर सायकिल में बैठकर आधी रात में जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड होने का वीडियो फुटेज भी सामने आया है, तथा मृतका की मौत संदेहास्पद बनी हुई है, बावजूद इसके भरवेली पुलिस द्वारा आरोपियों की अब तक पहचान और गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया जा सका है, जिसके कारण बालाघाट जिले में मुस्लिम समाज एवं सर्वसमाज में आक्रोश व्याप्त हो चुका है। घटना के चार दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से दिनांक 01 मई 2026 को रहीम खान एवं अन्य मुस्लिम समाज नेताओं के द्वारा कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर भरवेली थानाप्रभारी से चर्चा की गई थी, वहीं इसके बाद आज 02 मई को मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मृतका के परिवार से मिलने पहुंचा, और घटना स्थल का मुआयना भी किया, तथा आस पास के लोगों से चर्चाएं भी की तो वहीं दूसरी ओर इस मामले में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे भी मृतको को इंसाफ दिलाने के लिये मृतका के परिवार से मिलने के लिये पहुंचे।

### कंकर मुंजारे को महिलाओं ने दी जानकारी..

गौरतलब है कि आज 2 मई को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे, रहीम खान, धर्मेन्द्र कुरील, महेश सहारे, राकेश सिंगारे, मकसूद खान, इमरान खान के साथ ही अनेक मुस्लिम समाज के लोगों का प्रतिनिधिमंडल सर्वप्रथम पिड़ित परिवार से मिलने के लिये पहुंचा और उसके बाद सभी भरवेली पुलिस थाने भी पहुंचे। पिड़ित परिवार की महिलाओं ने मुंजारे एवं अन्य सभी को बताया कि पुलिस ने हिना की मौत के बाद शव का पंचनामा एवं शव की संपूर्ण जांच में जल्दबाजी क गई। महिला ने बताया कि मृतका के पीठ पर भी निशान नजर आ रहे थे। महिलाओं ने बताया कि एक महिला पुलिस ने भी पुलिस अधिकारी को यह बताया कि पीठ पर निशान दिख रहे हैं, लेकिन पुलिस अधिकारी द्वारा इस बात को नजर अंदाज किया गया।

### और जब भरवेली पुलिस ने दी कार्यवाही की जानकारी..

**गौरतलब है कि भरवेली पुलिस के थानेदार भूपेन्द्र सिंह पन्द्रो से मिलने के लिये प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, तब प्रतिनिधिमंडल को थानेदार श्री पन्द्रो ने कार्यवाही से संबंधित जानकारी प्रदान की, वहीं बताया कि संदिग्ध युवकों अजीत बाहेश्वर एवं लवकुश कोहरे की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। टीआई श्री पन्द्रो ने जगप्रेरणा को चर्चा में बताया कि आरोपीयों की तलाश में एक टीम को भेजा गया है, तथा उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। टीआई पन्द्रो ने यह भी बताया कि मृतका के फांसी लगी होने की स्थिति में उसके शव को उसके पिता द्वारा फांसी से उतारा गया था, तथा उसके बाद डॉक्टरों की टीम द्वारा उसके शव का पोष्टमार्टम किया गया, जिसमें फांसी लगने से उसकी मौत कही गई है। लेकिन अभी पूरी जांच और आरोपियों से पूछताछ और उनकी सत्यता की जांच के बाद ही सहीं बात का पता चल सकता है, जिसके लिये पुलिस निरंतर प्रयासरत है।**

## बालाघाट के कोसमी में अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान

# खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने जा रहा था दुखी मुकेश माहुले, पुलिस बल ने दिखाई तत्परता..

## एसडीएम कोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश पर पहुंची थी प्रशासनिक टीम..

## प्रशासन पर पिड़ित पक्ष ने एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय से पांच कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी में शुक्रवार 02 मई को दोपहर में प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की मुस्तैदी दिखाई, इस दौरान जब प्रशासन***

कार्यवाही करने पहुंचा तो उन्हें कब्जाधारी मुकेश माहुले के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अतिक्रमण के आरोपी जिस का अतिक्रमण तोड़ने प्रशासनिक टीम पुलिस बल के साथ पहुंची थी, तब भारी शोर शराबे के बीच दुखी मन से कब्जेधारी मुकेश माहुले ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मुकेश माहुले अचानक पेट्रोल की केन लेने के लिये दौड़ पड़ा और अपने ऊपर उसने पेट्रोल डाल भी लिया, लेकिन इस अवसर पर उपस्थित पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे आग लगाने से पहले ही सुरक्षित बचा लिया अतिक्रमण का यह विवाद तब शुरू हुआ जब कोसमी निवासी इमलाबाई निकोसे और उनके पुत्र विकास निकोसे ने जनसुनवाई में शिकायत की थी।

उन्होंने बताया था कि मुकेश माहुले द्वारा रास्ते की जमीन पर कब्जा करने से उनका आवागमन बाधित हो रहा है। तहसील न्यायालय में सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे।

### बोला मुकेश माहुले..

कार्रवाई के दौरान पीड़ित मुकेश माहुले ने दुखी मन से कहा कि उसके मामा डाली दमाहे की हत्या के बाद से वह इस स्थान की देखरेख कर रह था। मुकेश माहुले का दावा था कि यह जमीन उसके मामा डाली दमाहे के समय से उनके पास पीढ़ियों से है। मुकेश माहुले ने कहा कि प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।

### बोले तहसीलदार..

तहसीलदार सुनील वर्मा ने इस कार्रवाई के संबंध में बताया कि यह भूमि आबादी क्षेत्र में आती है, जिस पर अवैध कब्जा किया गया था, तथा इस मामले में शिकायत के बाद एसडीएम कोर्ट के आदेश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, और जेसीबी की मदद से अवैध भवन और बाउंड्रीवाल को जमींदोज कर दिया। प्रशासन

# बालाघाट में आज संपन्न होगी 08 केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नीट परीक्षा..

## जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों परीक्षा की तैयारियों का किया गया निरीक्षण..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निर्देशों के अनुपालन में नीट परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए बालाघाट जिले में व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा से एक दिवस पूर्व जिला स्तरीय समन्वय***

समिति के सदस्यों द्वारा जिले के सभी 8 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पन्द्रो, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, हृञ्ज के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट श्री अरुण कुमार तुमसरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री सी. एस. मरावी, जिला सूचना अधिकारी श्री सुभाष चंद्र ठाकरे, पुलिस प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुरक्षा, गोपनीयता एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण उपरांत सभी परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स एवं पुलिस बल की उपस्थिति में सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर केंद्रों को विधिवत सील किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया गया है कि परीक्षा दिवस पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की मौजूदगी में ही केंद्रों को डी-सील किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचें तथा हृञ्ज द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल हों। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# भीषण गर्मी में अचानक तेज हवाओं और आंधी के साथ हुई बालाघाट शहर में झमाझम बारिश..

## नगर पालिका के प्रांगण मे धराशाई हुआ विशाल वृक्ष..

## फिर एक बार हनुमान चौक बना तालाब, तो वही जगह जगह हुई अनेक घटनाएं..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय में आज शनिवार 02 मई को दोपहर में अचानक मौसम ने भीषण गर्मी से राहत के साथ आफत प्रदान करते हुए करवट ली, और आंधी और तूफान के साथ झमझमाझम***

ऐसी बारिश की झड़ी लग गई, जिसके कारण देखते ही देखते लोग मानो भीषण गर्मी की ताप भूलकर बारिश के मौसम में पहुंच गए। तेज आंधी तूफान के साथ ही बिजली कड़कड़ाने की विस्फोटक आवाजों ने एक भय भी पैदा कर दिया, तथा बालाघाट शहर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। हवाओं के कारण शहर में जगह-जगह पेड़ गिर गए, जिससे बिजली व्यवस्था बाधित हुई और निचले इलाकों में पानी भर गया। गौरतलब है कि बारिश और आंधी के कारण नगर पालिका परिषद बालाघाट के परिसर में स्थित एक विशालकाय वृक्ष धराशाई हो गया। हांलांकि वृक्ष गिरने से किसी जान की हानि नहीं हुई, लेकिन एक कर्मचारी का वाहन बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### हनुमान चौक फिर हुआ जलमग्न..

गौरतलब है कि बालाघाट नगर में हनुमान चौक के जलमग्न होने की स्थितियां हमेशा नजर आती है, और जरा सी बारिश में हनुमान चौक टापु नजर आने लगता है। इसी तरह आज भी जब बारिश हुई तो रफ्तार की बारिश से हनुमान चौक का वही हाल हो गया। चंद मिनटों में हनुमान चौक से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया।

### बिजली बाधित होने से हुई परेशानी..



गौरतलब है कि तेज बारिश के कारण बालाघाट में सिविल लाईन, पुलिस लाईन, आंबेडकर चौक, मोतीनगर, गायखुरी आदि अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने और कई जगहों पर बिजली के तार टूटने की घटनाएं भी सामने आई। इससे अनेक रास्ते जाम हो गए और बिजली के तार टूटने से विद्युत सप्ताई बाधित हो गई।

### एसडीएम गोपाल सोनी ने दिखाई मुस्तैदी..

गौरतलब है कि बालाघाट में एसडीएम सोनी को हमेशा प्रशासनिक कार्यों में दक्षता के साथ कार्य करते देखा गया है। एक बार फिर जबकि शहर आंधी तूफान की चपेट में आ गया, तब शहर में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रुप प्रदान करने एसडीएम गोपाल सोनी ने मोर्चा संभाल लिया। एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी मयंक तिवारी ने सभी जगह की स्थितियों का जायजा लिया, और नगर पालिका व संबंधित विभागीय कर्मचारियों को व्यवस्था में लगा दिया।

### 5 मई तक मौसम के ऐसे ही रहेंगे हालात..

जिला मौसम इकाई के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि बालाघाट जिले में 5 मई तक आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 98230 21274, 93098 53003
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391




## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालाघाट द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रशिल्पी प्रमुख जन गोष्ठी (शिक्षक श्रेणी) का आयोजन





जगप्रेरणा बालाघाट।

*जिले के अग्रणी महाविद्यालय जे.एस.टी. पी.जी. कॉलेज, बालाघाट के वर्चुअल कक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालाघाट द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रशिल्पी प्रमुख जन गोष्ठी (शिक्षक श्रेणी) का आयोजन सम्पन्न हुआ।*

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाघाट के माननीय जिला संघ चालक श्री वैभव कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में महाकौशल प्रांत इतिहास संकलन समिति के प्रांत उपाध्यक्ष श्री आनंद सिंग राणा ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़ी मातृशक्ति सहित लगभग 180 शिक्षकों , प्राध्यापकों एवं कोचिंग संचालको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ।

प्रारंभ में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अविनाश सहारे , जिला संपर्क प्रमुख ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन डॉ. सुंदर बिसेन, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया मुख्य वक्ता श्री आनंद राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक एक ÷राष्ट्र शिल्पी÷ है, जिसकी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट समाज के निर्माण का दायित्व शिक्षकों पर ही निर्भर करता है।

उन्होंने आचार्य चाणक्य का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने एक साधारण बालक को शिक्षा के माध्यम से असाधारण बनाकर अत्याचारी धनानंद का अंत कराया। साथ ही, राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक पहुँचाने एवं आदर्श समाज की स्थापना के लिए 'पंच परिवर्तन' – सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी तथा नागरिक कर्तव्य – की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उद्बोधन के अंत में शिक्षाविदों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. गीतेश पटले, जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## हृदय रोग शिविर का सफल आयोजन, 52 बच्चों की हुई जांच





जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार*

योजना के तहत सिविल अस्पताल बैहर में हृदय रोग शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में जबलपुर से आए शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. एल. उमा माहेश्वर ने अपनी सेवाएं देते हुए कुल 52 बच्चों की ईको जांच की।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनंत लिल्हारे ने जानकारी दी कि जिले के तीन विकासखंडों से चिन्हित लगभग 54 बच्चों को शिविर में बुलाया गया था, जिनमें से 52 बच्चे उपस्थित हुए। जांच के बाद 13 बच्चों को सर्जरी के लिए चयनित किया गया, जबकि 2 बच्चों को उच्च केंद्र (हायर सेंटर) रेफ्र किया गया।

इसके अलावा 5 बच्चों को 6 माह बाद पुनः जांच के लिए बुलाया गया, 10 बच्चों का सर्जरी उपरांत फॉलोअप किया गया और 22 बच्चे सामान्य पाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि आगामी शिविर 8 मई को डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जबलपुर और मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में जिले भर से लगभग 160 चिन्हित बच्चों की जांच की जाएगी। शिविर के सफ्ल संचालन हेतु जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके राजाराम चक्रवर्ती को नोडल अधिकारी बनाया गया था।

कार्यक्रम में डॉ. इंद्रजीत बिसेन, डॉ. धनराज कोकोड, डॉ. गोपिका पी. नायक सहित आरबीएसके टीम के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों-डॉ. भारती ठाकरे, डॉ. यशवंती धुर्वे, डॉ. शिव पटले, डॉ. बीना वरकड़े, डॉ. नूतन टेंभरे, डॉ. प्रियंका बाला ठाकुर, श्रीमती अर्चना वासनिक (बीपीएम), श्रीमती सरोज ठाकुर (बीईई), श्रीमती सीमा दीक्षित (नर्सिंग ऑफ्सिर), श्री यशवंत सिंह (फ्र्मासिस्ट), रामस्वरूप फ्र्मासिस्ट, सुश्री यामिनी ठाकरे (डाटा एंट्री ऑपरेटर) तथा एएनएम एवं सीएचसी स्टाफका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शिविर का समापन सफ्लतापूर्वक हुआ, जिससे हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर उपचार एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस सप्ताहः सेवा और जागरूकता से दिया मानवता का संदेश









जगप्रेरणा बालाघाट।

*प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में विश्व रेडक्रॉस दिवस सप्ताह के अंतर्गत सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई।*

प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्र्) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (ह्रष्ष्ट) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 02 से 08 मई तक ÷ठ्ठद्बह्लद्गस्र द्वठ्ठ ॥ह्वद्वड्ढठ्ठद्बह्ल4 (मानवता के लिए एकजुट)÷ थीम पर विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के तहत 02 मई को स्वयंसेवकों और कैडेट्स ने भटेरा चौकी स्थित वृद्ध आश्रम में सेवा कार्य करते हुए वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को फ्लाहार वितरित किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल जाना और उनका सम्मान किया। विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भावना और मानवीय मूल्यों का महत्व भी बताया गया। इस अवसर पर रेड रिबन एवं रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. साजिया तबस्सुम, डॉ. पुष्पलता कमलेशिया, एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र एड़े की विशेष उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने भटेरा चौकी के समीप स्थित नशा मुक्ति केंद्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा त्यागने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि वे अपने और अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए नशे से दूर रहें।

कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत सामूहिक रूप से गाया गया और ÷भारत माता की जय÷, ÷हम सब एक हैं÷ तथा ÷वंदे मातरम÷ के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस सेवा गतिविधि का स्वयंसेवकों और कैडेट्स पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी समाज के जरूरतमंदों की सेवा करते रहेंगे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर टास्क फोर्स समिति सदस्य श्री गिरीश कुबेर ने ली बैठक





जगप्रेरणा बालाघाट।

*वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन एवं वन पट्टा दावों के निराकरण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 02 मई को सर्किट हाउस बालाघाट मास्टर ट्रेनर्स की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टास्क फोर्स*

समिति के सदस्य श्री गिरीश कुबेर ने अधिकारियों एवं समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर कान्हा टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक श्री हितेन्द्र चिचखेड़े, पेसा के जिला समन्वयक श्री राजकुमार उसके एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में वन पट्टा दावों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही दावा प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर अधिकार मिल सके। इस अवसर पर बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, परसवाड़ा एसडीएम श्री श्रीश प्यासी, जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्य एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।


मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा

मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


## बैंक सीईओ अभिनव सिंह बघेल पहुंचे शाखा लालबर्रा..

### वीसी के माध्यम से बैंकिंग कार्यों की समीक्षा..



जगप्रेरणा लालबर्रा।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ श्री अभिनव सिंह बघेल ने शनिवार को शाखा लालबर्रा पहुंचकर जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से बैंकिंग कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

सीईओ श्री बघेल ने बताया कि पूर्व में बैंक मुख्यालय स्तर से वीसी आयोजित की जाती रही है, इसी क्रम में इस बार शाखा लालबर्रा से जिला स्तरीय वीसी आयोजित कर विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। वीसी के दौरान खरीफ ऋण वितरण, मैनुअल एवं ईआरपी बैलेंस शीट, पुनर्गठन वाली 5 समितियों की हानि-हस्तियों के विभाजन से संबंधित बैलेंस शीट, माइक्रो एटीएम के माध्यम से लेनदेन, वसूली प्रगति, डेबिट कार्ड एवं रूपे केसीसी कार्ड वितरण, सदस्यता अभियान सहित समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना उपार्जन की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋण वितरण एवं वसूली कार्य में तेजी लाई जाए, माइक्रो एटीएम के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए तथा किसानों को समय पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर प्रबंधक लेखा श्री पी. जोशी, प्रबंधक विपणन अधिकारी श्री अशोक भवरे, श्री सारंग बिसेन, श्री रौनक चौकसे, श्री अमरेश परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।













दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026: बालिका सशक्तिकरण, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की ओर सार्थक पहल..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशन में जिला कलेक्टर कार्यालय में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026' हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव,***











जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा, जिला न्यायाधीश श्री राज पांडे, जिला न्यायाधीश श्रीमती निहारिका व्यास, बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती सुनीता झगेले, श्रीमती नीतू द्विवेदी एवं श्रीमती प्रीति जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ लाड़ली बालिकाओं द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक तथा लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नव्या हाडगे, सोनाली थापा, आरोही रंगारे, तन्वी फातिमा एवं प्रतिज्ञा रावड़े ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, वहीं दीपीता राउत एवं दाक्षी बागड़े ने मधुर गायन से कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन भी बालिकाओं द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने स्वागत भाषण और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लाड़ली लक्ष्मी क्लब की सदस्य बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे अन्य बालिकाओं को प्रेरणा मिली। इस अवसर पर शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 लाड़ली बालिकाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज में प्रवेश प्राप्त करने वाली बालिका को भी सम्मानित किया गया। बालिकाओं ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

लाड़ली लक्ष्मी योजना, मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देना, शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा बाल विवाह की रोकथाम करना है। इस योजना के अंतर्गत बालिकाओं को विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें तथा समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो।

कार्यक्रम के अंत में ÷एक पेड़ लाड़ली के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री प्रशांतदीप सिंह ठाकुर, प्रशासक रचना चौधरी, समस्त पर्यवेक्षक एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बालिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और बालिका सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ।

# कलेक्टर श्री मीना ने पिंडकेपार में खेत तालाब का किया निरीक्षण..

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 मई को खैरलांजी विकासखंड के ग्राम पिंडकेपार में खेत तालाब योजना में हितग्राही धुरपता व चित्ररेखा के खेत में बनाए जा रहे तालाब का निरीक्षण किया।***





इस दौरान उन्होंने 15 वें वित्त आयोग की 05 लाख रुपए की राशि से गौ- तालाब के सौन्दर्यीकरण और हितग्राही सुशीला रिवायत व कौशल बाई द्विारा एक बगिया मां के नाम योजना में पौधे लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब एवं बगिया में पौधारोपण के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शासन के रेत उत्खनन से भविष्य दांव पर

# 'रेत की लूट, सूखती नदियां और संकटग्रस्त भविष्य: बालाघाट में विकास बनाम विनाश की निर्णायक लड़ाई'

जगप्रेरणा रामपायली।

***मध्यप्रदेश का दक्षिण-पूर्वी जिला बालाघाट, जो कभी अपनी समृद्ध नदी प्रणाली और खनिज संपदा के लिए जाना जाता था, आज एक गंभीर पर्यावरणीय संकट के मुहाने पर खड़ा दिखाई दे रहा है।***



वर्षों से जारी बेतहाशा रेत उत्खनन ने यहां की नदियों की प्राकृतिक संरचना को इस कदर प्रभावित किया है कि कई घाटों पर अब रेत का अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा पुनः रेत खनन के लिए नई निविदा प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### 'रेत उत्खननः विकास की आड़ में विनाश का सिलसिला'

बालाघाट जिले में पिछले एक दशक से रेत खनन लगातार बढ़ा है। निर्माण कार्यों और राजस्व वृद्धि के नाम पर नदियों से जिस गति से रेत निकाली गई, उसने नदी तंत्र की मूल संरचना को ही बदल दिया। नदी तल की गहराई असामान्य रूप से बढ़ गई। जलधाराएं कमजोर और अस्थिर हो गई कई छोटे जल स्रोत पूरी तरह समाप्त हो गए विशेषज्ञ बताते हैं कि रेत प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है, जो भूजल को संतुलित रखती है। इसके अत्यधिक दोहन से यह संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है।

### 'जल संकट की दस्तकः भविष्य का सबसे बड़ा खतरा'

रेत खनन का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रभाव जल संकट के रूप में सामने आ रहा है। भूजल स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए संघर्ष बढ़ रहा है सिंचाई के स्रोत कमजोर हो रहे हैं, जिससे कृषि प्रभावित हो रही है यदि यही स्थिति जारी रही, तो बालाघाट आने वाले वर्षों में जल संकट के ÷रेड जोन÷ में शामिल हो सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह संकट केवल वर्तमान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। क्या हम अपने बच्चों को पानी के लिए तरसता हुआ भविष्य देना चाहते हैं?

### 'नीलामी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल'

हाल ही में प्रस्तावित रेत घाटों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर आपत्तियां सामने आई हैं। पुराने (10ङ्क15 वर्ष पुराने) आंकड़ों के आधार पर नीलामी वास्तविक भौतिक सत्यापन का अभाव समाप्त हो चुके या लगभग खाली घाटों को फिर शामिल करना यह स्थिति इस बात की ओर इशारा करती है कि पूरी प्रक्रिया केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई है, जिसमें जमीनी सच्चाई की अनदेखी की जा रही है।

### 'अवैध खनन और रेत माफियाओं का बढ़ता प्रभाव'

स्थानीय स्तर पर अवैध खनन एक बड़ी समस्या बन चुका है। रात के अंधेरे में मशीनों से अवैध उत्खनन। प्रशासनिक नियंत्रण की कमी रेत माफिआओं का बढ़ता दबदबा 'पर्यावरणीय असंतुलनः अदृश्य लेकिन घातक प्रभाव' रेत खनन के प्रभाव केवल पानी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है।

जलीय जीवों का आवास नष्ट हो रहा है नदी किनारों का कटाव बढ़ रहा है जैव विविधता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है यह एक धीमा लेकिन बेहद खतरनाक संकट है, जिसका असर आने वाले वर्षों में और स्पष्ट होगा।

### प्रकृति का दोहनः आखिर कब तक?

यह सवाल अब हर नागरिक के जेहन में है - आखिर कब तक हम प्रकृति का इस तरह अंधाधुंध दोहन करते रहेंगे? जब नदियां सूख जाएंगी, खेत बंजर हो जाएंगे और जल संकट चरम पर होगा, तब विकास की सारी परिभाषाएं अर्थहीन हो जाएंगी।

### 'सरकार के सामने दोराहाः राजस्व या भविष्य?'

राज्य सरकार के लिए यह एक निर्णायक क्षण है। एक ओर रेत खनन से मिलने वाला तात्कालिक राजस्व है, तो दूसरी ओर पर्यावरणीय संतुलन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य। यदि आज सही निर्णय नहीं लिया गया, तो यह संकट केवल बालाघाट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक चेतावनी बन जाएगा।

### समाधानः क्या हो आगे की राह?

विशेषज्ञों और नागरिकों की ओर से कुछ ठोस सुझाव सामने आए हैं: सभी रेत घाटों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण (ष्ठस्क्र) कराया जाए, ग्राउंड लेवल पर भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया जाए, अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू हो, नदी पुनर्जीवन और जल संरक्षण के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए, स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### 'एक चेतावनी, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता'

बालाघाट की सूखती नदियां केवल एक स्थानीय समस्या नहीं हैं, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक चेतावनी हैं। आज जो निर्णय लिए जा रहे हैं, वही आने वाले कल की तस्वीर तय करेंगे। यदि हम अभी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां क्षमा नहीं करेंगी। अब समय आ गया है कि शासन-प्रशासन केवल राजस्व के आंकड़ों से आगे बढ़कर प्रकृति और भविष्य की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए। क्योंकि सवाल सिर्फ रेत का नहीं है– सवाल है पानी का, जीवन का और आने वाले कल का तभी सभी सुरक्षित जीवन का सपना सजो सकते हैं?

# कलेक्टर मृणाल मीना ने खैरलांजी में ली खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक, शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की..

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 मई को खैरलांजी में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।***





बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी कर्मचारी शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें और जनता के कल्याण के लिए जिम्मेदारी से काम करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा की गई। इसमें ब्लाक में सबसे नीचे पायदान पर रहने वाली लीलामा, किन्ही और साकड़ी की सीएचओ से वन-टू-वन चर्चा की गई और गर्भवती माताओं का एएनसी पंजीयन बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य पर नजर रख सुरक्षित प्रसव का प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए।

## घर बैठे अलग-अलग लोकेशन से एप्प में भरी जा रही थी हाजरी

सीएचओ और एएनएम की सार्थक एप्प के माध्यम से एक माह की उपस्थिति की समीक्षा में पाया गया कि सीएचओ ग्राम बेनी की वंदना लिल्हारे, कटोरी की वर्षा उइके, घोटी की वंदना बलहारे, सालेबर्डी की मोनिका पंचेश्वर, चिखला की वंदना सुलाखे, एएनएम लीलामा की चेतना रामटेके, कांति धुर्वे, साकड़ी की शालू बोहने, अंजना भगत, किनही की गीता भगत, अलका भजनकर, कोथुरना की कृष्णा हिरकने, चिखला की अनमोल रोडगे, कौशल भोयर व सिवनघाट की मोनिका विश्वकर्मा द्वारा अपने मुख्यालय की लोकेशन से हाजरी नहीं लगाई जा रही है। कुछ ने कोथुरना, नेवरगांव, वारासिवनी एवं हबीबगंज भोपाल से अपनी हाजरी लगाई है। इससे समझ आया कि इन सीएचओ और एएनएम द्वारा अपने कार्य में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है और अपने कार्य क्षेत्र में भी उपस्थित नहीं हो रही हैं। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और इन सभी का वेतन रोकने के निर्देश दिए और कहा कि जब ये अपने फिल्ड पर सक्रिय हो जाएं तभी इनका वेतन निकाला जाए। इन सभी सीएचओ और एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई करने कहा गया। खैरलांजी बीएमओ को निर्देशित किया गया कि वे सार्थक एप्प से कर्मचारियों की उपस्थिति पर निगरानी रखें।

बैठक में कुपोषण से ग्रसित बच्चों के चिन्हांकन की समीक्षा में पाया गया कि भौरगढ़ एवं खैरलांजी सेक्टर में बच्चों का चिन्हांकन नहीं हो रहा है और पोषण ट्रेकर एप्प में इंट्री नहीं की जा रही है। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण नहीं किया जा रहा है। आंगनबाड़ी के बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा की प्रगति भी संतोषजनक नहीं पायी गई। कलेक्टर श्री मीना ने कम प्रगति वाले बाटम के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ता को इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खैरलांजी क्षेत्र के 28 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रदाय की गई एलईडी टीवी का उपयोग करने और उसमें बच्चों को ज्ञानवर्धक वीडियो दिखाने के निर्देश दिए।

## 06 पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

राजस्व विभाग की फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, नामांतरण, नक्शा तरमीम, राजस्व वसूली की समीक्षा में पाया गया कि पटवारी उमेश सैयाम, राजेन्द्र क्षीरसागर, विशाल चौकसे, गोपाल सनोडिया, जय गुप्ता, मीनल उइके एवं सुशील दुबे का कार्य संतोषजनक नहीं है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने इन पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और तीन दिन के भीतर अपर कलेक्टर श्री बर्मन के समक्ष जवाब प्रस्तुत करने तथा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## कक्षा 03 के बच्चों का गिनती का ज्ञान कमजोर, 06 शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान शालाओं में बच्चों के पंजीयन और एफएलएन सर्वे पर चर्चा की गई। इस दौरान पाया गया कि खैरलांजी, कटोरी एवं मिरगपुर जन शिक्षा केंद्र में कक्षा तीसरी के बच्चों का संख्या ज्ञान और हिंदी भाषा बहुत कमजोर है और शिक्षकों द्वारा बच्चों को इसमें निपुण नहीं बनाया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जन शिक्षा केंद्र खैरलांजी के शिक्षक भारतलाल लिल्हारे, दिलीप बारेवार, कटोरी के शिक्षक चंद्रकांत वरकड़े, नीतिन बोरकर, मिरगपुर के शिक्षक जागेश्वर हरिनखेड़े व राजेश कुमार भलावी को कारण बताओ नोटिस जारी करने और सबसे कमजोर प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने सभी शालाओं में अगले दो दिनों के भीतर बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन करने तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण एवं साइकिल वितरण का कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर इसकी एंट्री करने के निर्देश दिए।

## योजनाओं में शून्य प्रगति पर 04 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

कृषि विभाग की गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तरुणा उके, सत्याशीला मेश्राम, संघर्ष लांजेवर एवं पूर्णिमा राउत द्वारा उन्नत कृषि यंत्र वितरण के साथ ही अन्य सभी योजनाओं में कोई काम नहीं किया गया है और उनकी प्रगति शून्य है। इस स्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी जाहिर की और इन चारों ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने तथा फिल्ड के सभी कर्मचारियों की सार्थक एप्प से हाजरी लगाने तथा उसी आधार पर वेतन भुगतान के निर्देश दिए।

## भजियादंड के सचिव पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के शत प्रतिशत सेचुरेशन की समीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत पिंडकपार, अमई, छतेरा एवं भजियादंड में वहां के सचिव द्वारा संतोषजनक काम नहीं किया गया है। इस पर भजियादंड के सचिव पर निलंबन की कार्रवाई करने और सभी सचिवों को एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में श्रम अधिकारी को संबल योजना के हितग्राहियों के अनुग्रह और अंत्येष्टि सहायता के लंबित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मत्स्य विभाग के अधिकारी को खैरलांजी क्षेत्र के सभी शासकीय तालाबों में मछली पालन सुनिश्चित करने और इसके लिए स्थानीय मछुआ समिति को तालाब आबंटन की कार्रवाई करने कहा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया गया कि पेयजल समस्या के निदान के लिए आवश्यक होने प्रायवेट बोरवेल का अधिग्रहण करें।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## सांदीपनि विद्यालय में 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ, छात्रों को मिलेगा बहुआयामी प्रशिक्षण..










जगप्रेरणा लांजी।

***सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगांव (लांजी) में शनिवार 02 मई 2026 से 15 दिवसीय समर कैंप का भव्य शुभारंभ बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।***

समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राएं आर्ट एंड क्राफ्ट, पोस्टर निर्माण, हस्तकला, भाषण कला, लेखन कला, वाचन कला, कहानी लेखन, निबंध लेखन, वाद-विवाद जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ शतरंज, केरम, बेडमिंटन, रोप स्किपिंग, वॉलीबॉल आदि खेलों और योगासन व प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

समर कैंप का मुख्य लक्ष्य छात्र-छात्राओं में छिपी विविध प्रतिभाओं को उजागर करना और उनका उत्तरोत्तर विकास करना है, ताकि वे जीवन के विभिन्न संघर्षों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, 'विद्यालय में छात्र-छात्राओं का ध्यान पूरे वर्ष मुख्य रूप से अकादमिक विषयों पर केंद्रित रहता है। समर कैंप का उद्देश्य पढ़ाई के बोझ से उन्हें मुक्त रखते हुए अन्य कौशलों को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है।'

प्राचार्य गुरदे सर ने आगे कहा, 'विद्यालय का हर विद्यार्थी अपने आप में हनुमान है। जरूरत है उन्हें उनकी क्षमताओं और कौशलों से रूबरू कराने की। सांदीपनि विद्यालय परिवार जामवंत की तरह हर पल छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को पहचानने और निखारने का प्रयास करता रहता है। ऐसा कोई बच्चा नहीं है जिसमें कोई विशेष गुण न हो। हमें बस उस गुण को बाहर लाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी 15 दिनों में विद्यालय की टीम छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारेगी और समर कैंप के समापन तक सभी विद्यार्थी अपने-अपने कौशलों में निश्चित रूप से प्रगति करेंगे।

## ग्राम पंचायत कुम्हारी खुर्द में विकास कार्यों का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें..







जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी खुर्द एवं ग्राम जिवनारा में शनिवार, 2 मई को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनायक राव गौतम ने की। कार्यक्रम के दौरान विधायक निधि एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पूर्ण हुए कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। ग्राम जिवनारा में स्वर्गीय चिंतामन राव गौतम (प्रथम सांसद, बालाघाट) की स्मृति में लगभग 3 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य तोरण द्वार का लोकार्पण किया गया, जो क्षेत्र की पहचान और गौरव का प्रतीक बनेगा।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुम्हारी खुर्द में शीतला माता मंदिर परिसर में 2.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सभा गृह का उद्घाटन किया गया। यह भवन सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 14.36 लाख रुपये की लागत से निर्मित अनाज भंडारण गोदाम का लोकार्पण किया गया, जिससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में सुविधा मिलेगी।

मोक्षधाम परिसर में ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1.50 लाख रुपये की लागत से शेड का निर्माण किया गया, वहीं ग्राम जिवनारा मोक्षधाम में भी 1.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। ये सभी कार्य ग्राम पंचायत निधि के माध्यम से पूर्ण किए गए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ही ग्रामीण विकास की नींव है और शासन का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनिरे, निलचंद हरिनखेड़े, जनपद सदस्य महेंद्र पटले, बलीराम शिवनकर, योगेश कुराहे, रोशनलाल दल्लेमाल, शिविका पालेवार (सरपंच, दहेगांव) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल ग्राम जिवनारा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सरपंच नेहल तुमेश्वर गौतम, उपसरपंच उमेश डिब्बे, सचिव आशीष बाबू अगासे, सहायक सचिव संजय चौहान सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सरपंच द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में निःशुल्क समर कैंप का दूसरा दिन उत्साह व उमंग के साथ संपन्न





जगप्रेरणा लांजी।

***सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में निशुल्क समर कैंप के दूसरे दिन का आयोजन उत्साहित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पल्लवी खरगाल राष्ट्रीय विकास समिति सदस्य लांजी,***

प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने, त्र्यंबक भगत वरिष्ठ आचार्य एवं श्रीमती आरती श्रीवास वरिष्ठ आचार्या मंचासीन थी। इन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती मां भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। वाणी वंदना तत्पश्चात अतिथियों का तिलक वंदन किया गया।

श्रीमती पल्लवी दीदी ने कहा कि ग्रीष्मकाल के समय निशुल्क समर कैंप लगाना यह विद्यालय की एक अच्छी पहल है, इससे भैया बहनों की अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है,और बच्चों में शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इसी कड़ी में वरिष्ठ आचार्य श्री भगत ने कहा कि आज हमारा निशुल्क समर कैंप का दूसरा दिन है और हम देख रहे हैं कि बच्चों में नई ऊर्जा एवं नई उमंग के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की है, जिससे उनकी जिज्ञासा एवं आत्मविश्वास बढ़ा है। नई-नई चीज देखने व सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है। शिविर में वैदिक गणित के विषय में बच्चों को बतलाया गया और समझाया गया कि बच्चों को तेजी के साथ गणित के प्रश्नों को हल करके आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिन्हें बच्चों ने बड़ी ही शालीनता के साथ समझा एवं सीखा। अंग्रेजी स्पोकन में आनंददायी तरीके से बच्चों ने सीखा एवं उनमें आत्मविश्वास जागृत हुआ। साथ ही वंदना योग नृत्य खेलकूद जैसी आनंददायी क्रियाकलापों में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया अंत में वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे ने आभार व्यक्त प्रकट करते हुए कहा कि इस शिविर से बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने का अवसर प्राप्त होता है, उनमें अनुशासन के साथ ही शारीरिक बौद्धिक क्षमता का विकास होता है शिविर को सफल बनाने में समिति, आचार्य परिवार एवं बच्चों का भरपूर सहयोग रहा। इस शिविर में दूसरे दिन लगभग 112 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## भानेगांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज..



जगप्रेरणा लांजी।

***थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भानेगांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेकरीटोला भानेगांव निवासी 21 वर्षीय प्रदीप उर्फछोटू ठाकरे पिता अशोक ठाकरे मजदूरी का कार्य करता है। वह पूर्व में गांव के ही बालू ठाकरे के यहां आरओ पानी सप्लाई का काम करता था, जिसे उसने करीब एक वर्ष पूर्व छोड़ दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था।

पीड़ित के अनुसार 1 मई की रात वह अपने साथियों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था कि रात करीब 1:30 बजे जब वे भानेगांव बस स्टैंड पहुंचे ही थे कि तभी वहां बालू ठाकरे और शुभम ठाकरे ने उसे रोक लिया। दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर दोनों ने अचानक हमला कर दिया। बताया गया कि बालू ठाकरे ने नुकीली वस्तु से प्रदीप के सिर, छाती, गर्दन और पीठ पर वार किया, जबकि शुभम ठाकरे ने लकड़ी के डंडे से उसके बाएं हाथ की कलाई पर वार किया। इस अचानक हमले में प्रदीप बूरी तरह से घायल हो गया। घटना के दौरान मौजूद उसके साथियों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद उनके साथियों ने घायल को उपचार हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कराया गया, जहां मौजूद डॉक्टर द्वारा उसका उपचार किया गया।

पुलिस ने पीड़ित के कथन और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी बालू ठाकरे और शुभम ठाकरे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है एवं मामले की विवेचना की जा रही है।

## राज्य स्तरीय बौद्ध महा सम्मेलनः दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का होगा समापन..



जगप्रेरणा लांजी।

***दि. बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफइंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) की मध्य प्रदेश राज्य शाखा के तत्वावधान में जिले के विभिन्न तहसील मुख्यालयों में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।***

इन शिविरों के समापन अवसर पर आज 3 मई 2026 को लांजी तहसील मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित किया गया है। संस्था ने आदर्श बौद्ध समाज के निर्माण के उद्देश्य से यह कार्यक्रम शुरू किया है। 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक जिले के दस तहसील/ सर्कल मुख्यालयों में दस दिवसीय श्रामणेर-बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविर, उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर, समता सैनिक दल का सैनिक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य शाखा की अनुशंसा और केंद्रीय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार किया गया। शिविर के समापन अवसर पर आज 3 मई को दोपहर 12.30 बजे से नगर के रानी अवंती बाई स्टेडियम में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित किया गया है। इस महासम्मेलन में बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता प्रमोद कुमार भीमटे तहसील अध्यक्ष लांजी, स्वागत अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम करेंगे।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में कैप्टन प्रवीण निखाड़े (अंतरराष्ट्रीय सचिव, मुंबई), एड. एस. के. भंडारे (ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), एड. जगदीश गवई, बी. एच. गायकवाड गुरुजी (मुंबई), डॉ. चरनदास ढेंगरे (अध्यक्ष, मप्र राज्य शाखा, बालाघाट), गौतम पाटिल (राज्य संगठक, भोपाल), सी. एल. बौद्ध (राष्ट्रीय संगठक, दतिया), आर. सी. दिवाकर (अध्यक्ष, मप्र उत्तर, शिवपुरी), अनिल भाऊ मेश्राम (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, भिलाई) इसके अलावा मध्य प्रदेश राज्य शाखा, विभिन्न जिला शाखाओं, बालाघाट जिला तथा सभी तहसील शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारी और बौद्ध आंबेडकरी अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

अशोक कुमार मेश्राम (जिलाध्यक्ष, बालाघाट) और प्रमोद कुमार भीमटे (तहसील अध्यक्ष, लांजी) ने सभी बौद्ध अनुयायियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस महासम्मेलन में उपस्थिति देकर धम्म लाभ लें तथा श्रामणेर शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पुराना थाना हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का समापन

**पुराना थाना परिसर स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर..**



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना को लेकर पुराना थाना परिसर स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में 01 मई को दोपहर 1 बजे से विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया***

जिसका कि 2 मई को हवन पूजन कर समापन किया गया। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं पूर्णाहुति दी। इसके पश्चात भव्य महा आरती का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ प्रभु श्रीराम और हनुमान जी की आराधना की। दीपों की रोशनी और जयकारों के बीच पूरा मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। महाआरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी (भंडारा) की व्यवस्था की गई, जहां भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रभु श्रीराम और संकटमोचन हनुमान जी की कृपा से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में राम नाम की गूंज के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। अखंड पाठ के उपरांत मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सत्संग का भी आयोजन किया गया जिससे श्रद्धालु भक्तों में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।





जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## थॉमस कप सेमीफाइनल : आयुष और श्रीकांत हारे, फ्रांस ने भारत पर 2-0 से बढ़त बनाई..

**होर्सेंस (डेनमार्क), (भाषा)।** *आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत के शनिवार को सीधे गेम में हारने से फ्रांस ने थॉमस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में भारत पर 2-0 से बढ़त बना ली। आयुष को शुरूआती एकल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से और फिर दूसरे*



एकल में श्रीकांत को दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर से हार मिली। 20 साल के आयुष को शुरुआती सिंगल्स में तब उतारा गया क्योंकि लक्ष्य सेन की दाहिनी कोहनी में सूजन थी। पर आयुष फ्रांस के पोपोव की रणनीति का मुकाबला करने में नाकाम रहे और 39 मिनट में 11-21, 9-21 से पराजित हो गए।

इसके बाद सभी की नजरें श्रीकांत पर थीं कि वे मैच बराबर करें, लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद भी 16-21, 18-21 से हार गए।

श्रीकांत ने मैच की शुरुआत बराबरी पर की। वह 3-3 से बराबरी पर थे। लेकिन लैनियर ने ब्रेक तक बढ़त बना ली।

श्रीकांत को अपनी गलतियों से जूझना पड़ा और वे 9-14 से पीछे हो गए। हालांकि उन्होंने थोड़ी वापसी करते हुए अंतर को कम करके 15-18 तक पहुंचाया, लेकिन नेट पर एक गलती के कारण लैनियर ने गेम प्वाइंट जीत लिया।

दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह का रहा। श्रीकांत ने शुरुआती पिछड़ने के बाद वापसी की और लगातार आक्रामक विनर लगाकर 7-7 से बराबरी कर ली। लेकिन लैनियर की रणनीति के कारण भारतीय खिलाड़ी से गलतियां हुईं और वे 10-15 से पीछे हो गए।

श्रीकांत ने कोशिश की और अंतर को कम करके 15-16 तक पहुंचाया, लेकिन आखिरी पलों में उनसे फिर गलतियां हो गईं। लैनियर को दो मैच प्वाइंट मिले और श्रीकांत का शॉट नेट में फंसने से लैनियर ने मैच जीत लिया।

अब सारी जिम्मेदारी एच एस प्रणय पर होगी कि वे भारत की उम्मीदों को जीवंत रखें। वह दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पोपोव ने 2025 के ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रणय को हराया था। अगर प्रणय जीत जाते हैं तो हरिहरन अमसकरुनन और एम आर अर्जुन की युगल जोड़ी का मुकाबला एलोई एडम और लियो रॉसी से होगा जबकि दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुकाबला आखिरी मैच में पोपोव भाइयों से होगा।

सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भारत का एक पदक पक्का हो गया था। देश ने 2022 में यह खिताब जीता था। इसके अलावा 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक भी जीते थे।

यह पोपोव के हाथों आयुष की दूसरी हार थी। इससे पहले 2024 में हायलो ओपन में हुई उनकी एकमात्र भिड़ंत में भी आयुष को हार का सामना करना पड़ा था। पोपोव ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने कोर्ट के चारों ओर आयुष को दौड़ाने के लिए तेज रिटर्न का इस्तेमाल किया और नेट पर शुरुआती नियंत्रण हासिल कर लिया।

भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में तो धैर्य दिखाया, लेकिन लगातार की गई कुछ गलतियों के कारण फ्रांसीसी खिलाड़ी 8-3 की बढ़त बनाने में कामयाब रहा।

आयुष ने बीच-बीच में कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन वह दबाव बरकरार नहीं रख सके। पोपोव ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनाई और फिर इसे 15-6 तक पहुंचा दिया।

हालांकि पोपोव की कुछ गलतियों ने थोड़ी देर के लिए आयुष को मैच में बनाए रखा, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इसका फ़ायदा नहीं उठा सका। फ्रांसीसी खिलाड़ी ने कुछ गेम प्वाइंट गंवाने के बाद भी पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया।

दूसरा गेम भी लगभग यही सिलसिला रहा। पोपोव ने शुरू में ही अपनी पकड़ मज़बूत कर ली और फ्रंट कोर्ट (नेट के पास) के खेल पर पूरी तरह से हावी रहे। आयुष थोड़े हिचकिचाते हुए दिखे और अपने विरोधी के खेल को समझने में उन्हें काफी मुश्किल हुई जबकि पोपोव बार-बार उनके बैकहैंड वाले कोने को निशाना बनाकर उन पर दबाव बनाते रहे।

फ्रांसीसी खिलाड़ी ब्रेक तक 11-2 की बढ़त बनाने में कामयाब रहा और उसने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। आयुष के इक्का-दुक्का विनर तब आए जब काफी देर हो चुकी थी। पोपोव 19-8 की बढ़त पर पहुंच गए, जिसके बाद उन्होंने लगातार कई मैच प्वाइंट हासिल किए और आसानी से यह मुक़ाबला जीत लिया।

## गायकवाड़ और कार्तिक के अर्धशतक से जीती सीएसके, मुंबई इंडियंस का लचर प्रदर्शन जारी

**चेन्नई, (भाषा)।** *गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियंस को छोटे स्कोर पर रोकने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 67) और कार्तिक शर्मा (नाबाद 54) के बीच तीसरे विकेट के लिए 75 गेंद में 98 रन की*



अटूट साझेदारी की मदद से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक अहम मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) और अंशुल कंबोज (32 रन देकर तीन विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत सीएसके ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट पर महज 159 रन पर रोक दिया।

फिर गायकवाड़ की 48 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़ित नाबाद पारी और कार्तिक (40 गेंद में चार चौके और तीन छक्के) के पहले आईपीएल अर्धशतक से 18.1 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर आसान जीत हासिल की जो इस सत्र में उसकी चौथी जीत है।

लगातार निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद पांच पांच आईपीएल खिताब जीत चुकी दोनों ही टीम का टूर्नामेंट में आगे का सफर इस मैच के नतीजे पर निर्भर था।

सीएसके इस जीत से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई जिससे उसकी प्लेऑफ में कदम बढ़ाने की संभावना बरकरार है जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से नौंवे स्थान पर है।

लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था, गायकवाड़ और कार्तिक जल्दी मैच खत्म कर सकते थे लेकिन दोनों ने संयमित बल्लेबाजी करने को तरजीह दी।

मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (20 रन देकर एक विकेट) ने दूसरे ओवर में एक बेहतरीन गेंद से शुरुआत की। उनकी अच्छी लेंथ गेंद संजू सैमसन (11 रन) के बल्ले का बाहरी किनारा छूती हुई निकली, लेकिन स्लिप में खड़े विल जैक्स ने एक आसान सा कैच टपका दिया। पर सैमसन इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और ओवर के आखिर में रेयान रिकेलटन को कैच दे बैठे।

ट्रेंट बोल्ट ने पहले ओवर में सात रन दिए लेकिन सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने उनके दूसरे ओवर में दो चौके और एक छक्के से 17 रन जुटाए।

कृष भगत के पहले आवेर में उर्विल पटेल (24 रन, 12 गेंद) ने डीप फाइन लेग पर छक्का जड़कर शुरूआत की और अगली गेंद को लांग ऑन पर चौके के लिए भेजा। उर्विल ने ओवर का अंत हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का जड़कर किया जिससे इस ओवर में 18 रन जुड़े।

पावरप्ले के अंतिम ओवर में गायकवाड़ ने स्वीप शॉट से डीप स्क्वायर लेग में छक्का जड़ा लेकिन ए एम गजनफर ने इसी ओवर में उर्विल को बोल्ड कर उनकी पारी समाप्त की।

छह ओवर में सीएसके ने दो विकेट के नुकसान पर 62 रन बना लिए थे।

गायकवाड़ ने 14वें ओवर की पहल गेंद पर एक रन लेकर 34 गेंद में अर्धशतक बनाया जिसमें दो चौके और दो छक्के जड़े थे।

शुरू में सतर्कता से खेलने वाले कार्तिक ने अंत में आक्रामकता बरतते हुए आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक लगाया और चौका लगाकर अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद मेहमान टीम का प्रदर्शन काफी फीका रहा जिसमें केवल नमन ही कुछ देर टिककर खेल सके। उन्होंने 37 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा रेयान रिकेल्टन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया।

मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पंड्या का 23 गेंद में 18 रन बनाना टीम के संघर्ष की कहानी बयां करता है।

मुकेश चौधरी ने सीएसके के लिए बेहतरीन शुरुआत की और पहले ही ओवर में सिर्फएक रन दिया। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण कर रहे रामकृष्ण घोष ने दूसरे ओवर में अंशुल कंबोज की गेंद पर जैक्स का एक शानदार कैच लपककर प्रभावित किया।

जैक्स ने ऑफ-स्टंप के बाहर आती गेंद पर आगे बढ़कर शॉट लगाने की कोशिश की और रामकृष्ण ने डीप बैकवर्ड प्वाइंट से दौड़ते हुए डाइव लगाकर कैच लिया जिससे एम ए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।

नमन धीर ने पारी की पहली बाउंड्री लगाई जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की जो उनके बल्ले से लगकर डीप फाइन लेग की ओर हवा में उड़ गई।

शानदार फॉर्म में चल रहे रेयान रिकेलटन ने मुकेश की गेंदों पर एक्सट्रा कवर के ऊपर और डीप मिडविकेट के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े।

फिर नमन भी लय में आ गए और उन्होंने कंबोज की गेंद पर एक जोदार छक्का जड़ दिया।

फिर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने प्रशांत वीर को गेंदबाजी के लिए बुलाया और रिकेलटन ने उनका स्वागत तीन छक्कों के साथ किया। यह ओवर मुंबई इंडियंस के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ जिससे उन्हें कुल 18 रन मिले।

नमन ने मुकेश की गेंद पर अपना दूसरा छक्का जड़ा और इस तरह मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का समापन एक विकेट पर 57 रन के साथ किया।

नमन जब 19 रन पर थे तब शिवम दुबे ने उनका कैच छोड़ दिया था जो बहुत ही आसान कैच था। लेकिन सीएसके ने तुरंत वापसी करते हुए रिकेलटन का बड़ा विकेट ले लिया।

बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने उन्हें तब आउट किया जब रिकेलन ने घुटने पर बैठकर डीप मिडविकेट की तरफशॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उर्विल पटेल के हाथों में चली गई।

रामकृष्ण ने अपने पदार्पण ओवर में सिर्फ सात रन दिए जिसमें सूर्यकुमार यादव (12 गेंद) का लगाया एक छक्का भी शामिल था। सूर्यकुमार ने नूर की गेंद पर भी एक छक्का और एक चौका जड़ा था

पर सूर्यकुमार अपनी तेज शुरुआत को एक बड़ी पारी में बदलने में फिर नाकाम रहे। रामकृष्ण की गेंद को उन्होंने कवर के ऊपर से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीप में लपके गए। रामकृष्ण ने इस तरह अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया।

मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में काफी डॉट गेंद खेली और तिलक वर्मा का बड़ा विकेट गंवा दिया जिन्होंने एक टर्न होती गेंद पर स्वीप शॉट लगाने की कोशिश की जो उनके बल्ले के ऊपरी किनारे पर लगकर गायकवाड़ के हाथों में समां गई।

फिर हार्दिक कोई बड़ा शॉट लगाने में नाकाम रहे।

## ‘ये जवानी है दीवानी’ की लारा का टूटा घर, शादी के 5 साल बाद पति से तलाक लेंगी एवलिन शर्मा, किसे मिलेगी बच्चे की जिम्मेदारी?

**डेस्क जगप्रेरणा।** *‘ये जवानी है दीवानी’ में लारा के किरदार से लाइमलाइट लूटने वाली एक्ट्रेस एवलिन शर्मा ने शादी के पांच साल बाद पति तुषान भिंडी से अलग होने का फैसला किया है और इसकी पुष्टि खुद एवलिन ने की है।*



एवलिन ने 2021 में डेंटल सर्जन तुषान भिंडी से शादी की थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों की मैरिड लाइफ कुछ ठीक नहीं चल रही है, जिसके चलते कपल ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। एवलिन और तुषान के दो बच्चे भी हैं, जिनकी परवरिश दोनों ने साथ मिलकर करने का फैसला लिया है। इस खबर के बाद एवलिन शर्मा के फैंस क़ाी हैरान हैं।

### पति तुषान भिंडी से तलाक लेंगी एवलिन शर्मा..

एचटी सिटी से बात करते हुए एवलिन शर्मा ने तुषान भिंडी से अलग होने के फैसले की पुष्टि करते हुए कहा- ‘हां, हमने अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है, मगर हम अपने दोनों बच्चों की परवरिश साथ मिलकर करेंगे और हमारा फोकस इसी पर है। हम रिक्वेस्ट करते हैं कि हमारी प्राइवेसी का सम्मान किया जाए और हम सभी को भरोसा दिलाते हैं कि ये अलगाव पूरी तरह सौहार्दपूर्ण है। हम अपनी इस नई जिंदगी की नींव जिंदगीभर की दोस्ती और अपने बच्चों की को-पेरेंटिंग पर रख रहे हैं।’

### एवलिन शर्मा और तुषानन भिंडी का रिलेशनशिप..

एवलिन शर्मा और तुषान भिंडी के रिलेशनशिप की बात करें तो दोनों के रिलेशनशिप की शुरुआत 2018 में एक ब्लाइंड डेट के साथ शुरू हुई थी। दोनों ने करीब 3 साल तक एक-दूसरे को डेट किया।

इसी बीच सिडनी हार्बर ब्रिज के नजारे के सामने एक तुषान ने एवलिन को शादी का प्रस्ताव दिया। इसके तुरंत बाद दोनों ने सगाई कर ली और फिर दोनों ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की। 2021 में ही इस कपल ने अपनी पहली संतान, बेटी अवा रानिया भिंडी का स्वागत किया, वहीं 2023 में बेटे आर्डेन को जन्म दिया।

### क्रॉस-कल्चर शादी पर एवलिन शर्मा..


एवलिन ने कुछ समय पहले स्क्रीन के साथ पहले हुई बातचीत में अपनी क्रॉस कल्चर वेडिंग के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, ‘मेरे पति टेक्निकली रूप से गुजराती हैं मगर वो सिडनी के रहने वाले हैं। मैं पंजाबी जर्मन हूं, मगर मैं खुद को इंडियन ज्यादा महसूस करती हूं। मै लगभग 10 साल से भारत में रह रही हूं और मैंने यहां बहुत सफर किया है और कई संस्कृतियां देखी हैं। हमारी शादी भी संस्कृतियों का मिश्रण है, इसलिए हम अपने लिए नियम बना रहे हैं।’

### एवलिन शर्मा का करियर..

एवलिन शर्मा पिछले कई सालों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण स्टारर ‘ये जवानी है दीवानी’, ‘नौटंकी साला’, ‘यारियां’, ‘मैं तेरा हीरो’, ‘हिंदी मीडियम’ और ‘जब हैरी मेट सेजल’ जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वह प्रभास और श्रद्धा कपूर स्टारर ‘साहो’ में भी नजर आई थीं।

## मुनव्वर फारूकी बने पापा, पत्नी मेहजबनी ने दिया बेटी को जन्म, अस्पताल से सामने आई फोटो, पहले से हैं दो बच्चे..

**डेस्क जगप्रेरणा।** *चर्चित रियेलिटी शो ‘बिग बॉस 17’ के विनर और स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं और अब एक बार फिर अपने एक पोस्ट के साथ वह चर्चा में आ गए हैं।*



मुनव्वर फारूकी के घर एक नए मेहमान ने दस्तक दी है। जी हां, स्टैंडअप कॉमेडियन एक बार फिर पापा बन गए हैं। मुनव्वर फारूकी और उनकी दूसरी बेगम मेहजबीन के घर उनकी पहली संतान का जन्म हुआ है, जिसके बारे में खुद मुनव्वर ने जानकारी दी है। स्टैंडअप कॉमेडिनय एक बेटी के पापा बने हैं। उन्होंने अस्पताल से कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें मेहजबीन और उनकी लाडली नजर आ रही हैं।

### फिर पापा बने मुनव्वर फारूकी..

मुनव्वर फारूकी ने 1 मई को देर रात एक पोस्ट शेयर करते हुए ये गुड न्यूज फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अस्पताल से मेहजबीन और बेटी की झलक सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसमें मेहजबीन या उनकी बेटी का चेहरा तो नहीं दिख रहा, लेकिन पोस्ट में मुनव्वर की खुशी साफ झलक रही है। ये पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम एख रखा है। इसी के साथ उन्होंने लिखा- ‘बरकत घर आई है। अल्हमदुलिल्लाह। दुआओं खास में याद रखें।’

### सेलेब्स और फैंस दे रहे बधाई..

मुनव्वर फारूकी के ये तस्वीरें शेयर करते ही बधाईयों का सैलाब उमड़ पड़ा। सेलेब्स और फैंस ने मुनव्वर और मेहजबीन फारूकी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने लिखा, ‘बधाई हो भाई’, वहीं जन्नत जुबैर ने कमेंट किया, ‘बहुत-बहुत मुबारक।’ ओरहान अवतरामानी उर्फ ओरी, मेधा शंकर और दीया मिर्जा जैसी हस्तियों ने भी मुनव्वर फारूकी के पोस्ट को लाइक किया और कमेंट सेक्शन में उन्हें फिर पिता बनने की बधाई दी। वहीं मुनव्वर के फैंस भी इस गुड न्यूज को लेकर बेहद खुश हैं और कमेंट सेक्शन में कपल को बधाई दे रहे हैं।

### मुनव्वर फारूकी और मेहजबीन की शादी..

बता दें, बिग बॉस 17 की ट्रॉफी जीतने के कुछ महीने बाद ही मुनव्वर फारूकी ने मेकअप आर्टिस्ट मेहजबीन कोटवाला से शादी करके सबको हैरान कर दिया था। शो के दौरान मुनव्वर का नाम आयशा खान और नाजिला के साथ जुड़ा था, लेकिन बाहर आने के बाद उन्होंने अचानक मेहजबीन से शादी करके सबको चौंका दिया था। ये मुनव्वर और मेहजबीन दोनों की ही दूसरी शादी है। दोनों ने अपनी शादी को बेहद निजी रखा था और लंबे समय तक आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा नहीं की थी। इसके बाद मुनव्वर ने फराह खान के व्लॉग में अपनी दूसरी शादी के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उन्होंने अपने बेटे मिकेल के लिए मेहजबीन से दूसरी शादी का फैसला लिया था। बता दें, मुनव्वर की पहली शादी से एक बेटा मिकेल है और मेहजबीन की भी एक बेटी है, जिनकी परवरिश दोनों साथ कर रहे हैं।

## कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे के पास फिर हुई फायरिंग, बंद करने की मिली कड़ी धमकी..

**डेस्क जगप्रेरणा।** *बॉलीवुड कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा में स्थित कैफे के पास फिर से फायरिंग हुई है। इसके साथ ही कपिल को भी धमकी भरे पोस्ट मिल रहे हैं। इन पोस्ट में कपिल शर्मा के कैफे को बंद करने की चेतावनी दी गई है।*




पोस्ट में धमकी देते हुए कहा गया है कि अगर उनकी बातों को नजरअंदाज किया गया तो आगे और बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

### पहले भी 3 बार हो चुकी है फायरिंग..

बता दें कि कपिल शर्मा ने बीते कुछ समय पहले कनाडा में अपना रेस्टोरेंट खोला था और इसका नाम कैप्स कैफे रखा था। लेकिन इस कैफे के खुलने के कुछ समय बाद ही यहा फायरिंग का मामला सामने आया था। सबसे पहली फायरिंग 10 जुलाई 2025 को हुई थी और यहां आरोपियों ने 9-10 फायर किए थे।

इस फायरिंग में कैप्स कैफे की खिड़कियों के कांच भी टूट गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी हरजीत सिंह लड्डी ने ली थी जो खालिस्तानी आतंकी है। साथ ही उसके तार दूसरी बड़ी गैंग्स के साथ भी जुड़े हैं। इसके बाद दूसरी बार 7 अगस्त को एक बार फिर यहां फायरिंग का मामला देखने को मिला था। इस फायरिंग के बाद काफी बवाल मचा था। इसके बाद 2025 में अक्तूबर के महीने में एक बार फिर से फायरिंग देखने को मिली थी।

### कपिल शर्मा ने खुद की थी बात..

कपिल ने इसको लेकर एक बार बात भी की थी। जिसमें उन्होंने इसे मजाकिया अंदाज में कहा था कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने हमसे बात की है और उनके यहां काफी अलग तरह से चीजें होती हैं। अब एक बार फिर कपिल के कैफे के पास फायरिंग की खबर सामने आई है। अब देखना होगा कि क्या कपिल इस मामले पर कुछ बोलते हैं या नहीं। बीते रोज से कपिल अपने अपकमिंग एपिसोड को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। कपिल के नेटफ्लिक्स शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड रिलीज हो गया है। इस एपिसोड में स्टैंडअपस कॉमेडियन समय रैना और पॉडकास्ट होस्ट रणबीर अल्लाहाबादिया नजर आ रहे हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433






# एमएसएमई की उत्पादकता बढ़ाने में भारत के डिजिटलीकरण सुधार कारगर : आईएमएफशोध

वाशिंगटन, (भाषा)।

*भारत में लोक प्रशासन के डिजिटल सुधारों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की उत्पादकता में सुधार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक शोध पत्र में यह जानकारी दी गई।*




शोध पत्र के अनुसार, जिन राज्यों ने इन बदलावों को तेजी से अपनाया, वहां के छोटे उद्योगों को इसका सीधा लाभ मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन राज्यों ने सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक डिजिटल बनाया, वहां कंपनियों की उत्पादकता में तेज वृद्धि दर्ज की गई और अलग-अलग कंपनियों के बीच उत्पादकता का अंतर भी कम हुआ। देश में एमएसएमई क्षेत्र विनिर्माण उत्पादन का करीब 35 प्रतिशत योगदान देता है, लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है और कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है। शोध में कहा गया कि देश में अधिकांश छोटे उद्यम औपचारिक रूप से पंजीकृत नहीं हैं और इन पर कारोबारी सुधारों के प्रभाव को लेकर सीमित अध्ययन हुए हैं।

आईएमएफ के अनुसार, वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 के दौरान भारत में किए गए कारोबारी सुधार मुख्य रूप से सरकारी प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर आधारित थे। इससे छोटे और सूक्ष्म उद्योगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ, क्योंकि उनके लिए सरकारी प्रक्रियाओं से निपटने की लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है।

हालांकि, अध्ययन में यह भी पाया गया कि छोटे उद्यम आम तौर पर उन राज्यों में स्थानांतरित नहीं होते जहां सुधार ज्यादा हुए हैं, यानी राज्यों के बीच इसका सीधा असर सीमित रहता है।

रिपोर्ट के अनुसार, ये सुधार व्यापक स्तर पर कारोबारी माहौल बेहतर बनाने की पहल का हिस्सा थे। वर्ष 2014 में राज्यों ने 98 बिंदुओं की कार्ययोजना पर सहमति जताई थी, जिसका उद्देश्य नियमों को सरल बनाना और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देना था।

आईएमएफ ने कहा कि डिजिटलीकरण से प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल होती हैं, पारदर्शिता बढ़ती है और देरी कम होती है। इससे छोटे व्यवसायों का अनुपालन खर्च घटता है और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित होते हैं।

# सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

*सोयाबीन तेल के मुकाबले दाम सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज हुआ। इसके अलावा सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल-तिलहन,*



गर्मियों में औद्योगिक मांग बढ़ने से पाम-पामोलीन तथा उपलब्धता घटने से बिनौला तेल के दाम भी मजबूत रहे। ऊंचे दाम के कारण कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम यथावत रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बाजार में सरसों की आवक आम वर्षो के मुकाबले काफी कम है। दूसरा, दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों में सोयाबीन तेल के मुकाबले सरसों तेल 12-14 रुपये किलो सस्ता है जबकि देश के अन्य स्थानों पर यह 7-8 रुपये किलो सस्ता है। कमजोर आयवर्ग के उपभोक्ताओं में सरसों तेल की मांग बढ़ी है। इन कारणों से सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

उन्होंने कहा कि सेयाबीन के तेल-रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने तथा शुक्रवार की रात शिकागो एक्सचेंज के मजबूत रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार आया। वैसे सोयाबीन का स्टॉक या तो सरकार के पास है या फिर किसानों के पास है। सरकार को सोयाबीन के बिजाई के पूर होने तक इसका स्टॉक बचा के रखना बेहतर होगा जो जरुरत के वक्त काफी सहायक साबित हो सकता है।

सूत्रों ने कहा कि मूंगफली के दाम ऊंचे हैं इस वजह से इसका कारोबार प्रभावित है। ऊंचे दाम पर कम कारोबार के बीच अकेले मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में स्थिरता रही। उन्होंने कहा कि कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल लागत से नीचे दाम पर बिक रहे हैं और गर्मियों के दौरान इसकी औद्योगिक मांग भी बढ़ रही है जिससे पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि मंडियों में बिनौले की उपलब्धता काफी कम है और शनिवार को कपास (जिससे बिनौला निकलता है) की आवक घटकर 28 हजार गांठ की ही रह गई है।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 7,000-7,025 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,400-2,500 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,400-2,545 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,650 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,100 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,300 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,525-6,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,175-6,250 रुपये प्रति क्विंटल।

# वाणिज्यिक एलपीजी महंगा: दिल्ली में खाने के दाम बढ़ने, रोजगार पर असर की आशंका

नई दिल्ली, (भाषा)।

*वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के एक दिन बाद दिल्ली में रेस्तरां संचालकों और रेहड़ी पटरी वालों ने कहा कि यदि यह रुझान जारी रहा तो खाने के दाम बढ़ेंगे,*



वित्तीय दबाव बढ़ेगा और रोजगार पर भी असर पड़ सकता है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के बीच लगातार तीसरे महीने कीमतों में इजाफा किया गया है।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफइंडिया के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि रेस्तरां पहले से ही आपूर्ति संबंधी चुनौतियों और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सिलेंडर की उपलब्धता में कठिनाई है और कई असंगठित क्षेत्रों में कालाबाजारी भी बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि जो कीमत पहले करीब 1,600 रुपये थी और छूट के साथ 1,300 रुपये तक आ जाती थी, वह अब बढ़कर 3,000 से 4,000 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है, जिससे लागत पर भारी दबाव पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि छोटे प्रतिष्ठानों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है। एसोसिएशन ने रेस्तरां को दीर्घकालिक समाधान के रूप में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन की ओर जाने की सलाह दी है।

खान मार्केट स्थित 'मामागोटो' के मालिक कबीर सूरी ने कहा कि सिलेंडर कीमतों में लगभग तीन गुना वृद्धि का असर उद्योग पर साफदिख रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ने से दबाव और बढ़ गया है और यदि यह जारी रहा तो खाने के दाम बढ़ाना अनिवार्य हो जाएगा। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे ईंधन और परिवहन लागत भी बढ़ गई है। पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां संचालक ने कहा कि वह लागत बढ़ने के बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन स्थिति लंबी चली तो मेन्यू की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी।

उत्तरी दिल्ली के एक अन्य संचालक ने कहा कि सिर्फखर्चों में कटौती से काम नहीं चलेगा और ईंधन कीमतें ऊंची रहीं तो व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# डीईए ने चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फेमा एफडीआई नियमों में ढील को अधिसूचित किया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

*वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है।*




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी। इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा।

हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी।

मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था। आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, 'लाभकारी स्वामी' अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है। पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है।

अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433


# वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में 3.53 लाख करोड़ रुपये के 2,792 एमओयू हुए

सूरत, (भाषा)।

*गुजरात सरकार ने दक्षिण गुजरात के लिए आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात' क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान 3,53,306 करोड़ रुपये के 2,792 समझौता ज्ञापनों (एमओयू)*




पर हस्ताक्षर किए हैं। इन परियोजनाओं से आने वाले वर्षों में करीब 2.82 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। राज्य के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने यहां सम्मेलन के समापन समारोह में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो दिनों के इस सम्मेलन में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं, जो अगले तीन वर्षों में लागू होने पर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।

उन्होंने बताया कि इससे पहले मेहसाणा (उत्तर गुजरात) और राजकोट (सौराष्ट्र-कच्छ) में भी ऐसे क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। सरकार ने 'वाइब्रेंट गुजरात' पहल को राजधानी गांधीनगर से बाहर विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाया है, ताकि अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

सांघवी ने कहा कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को वैश्विक अवसरों से सीधे जोड़ना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण गुजरात के उद्यमियों को रवांडा, अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और जापान सहित 20 देशों के प्रतिनिधियों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसे उद्योगों को बढ़ावा देने पर है, जो विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार पैदा कर सकें।


|| श्री जीणमाता की जय || || जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# एक्सिस बैंक ने अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू की..




नई दिल्ली, (भाषा)।

निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है। इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया।

बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। उद्योग के अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में केवल करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से 'गेटेड' रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है। एक्सिस बैंक की यह डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा इसी बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए विकसित की गई है, जो प्रीमियम आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षित और स्वचालित लॉकर सेवाएं प्रदान करती है। बैंक ने कहा कि शाखा के डिजाइन और सेवा वितरण को नए सिरे से तैयार कर वह घनी शहरी आबादी वाले क्षेत्रों में अपनी भौतिक उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और ग्राहकों को अधिक नियंत्रण, गोपनीयता और सुविधा प्रदान कर रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय स्थल की शुद्ध पट्टा गतिविधियों में 60 प्रतिशत की गिरावट: जेएलएल

नई दिल्ली, (भाषा)।

*दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का कार्यालयीय बाजार जनवरी-मार्च तिमाही में सुस्त रहा, जहां नए आपूर्ति की कमी के कारण शुद्ध पट्टा गतिविधियां 60 प्रतिशत घटकर 15 लाख वर्ग फुट रह गई।*




जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय स्थानों का सकल पट्टा 28 प्रतिशत घटकर 30 लाख वर्ग फुट रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 42 लाख वर्ग फुट था। शुद्ध पट्टा (नेट लीजिंग) भी 60 प्रतिशत घटकर 15 लाख वर्ग फुट रह गया, जो एक वर्ष पहले 37 लाख वर्ग फुट था।

सकल पट्टे के अंतर्गत अवधि के दौरान दर्ज सभी पट्टा लेनदेन शामिल होते हैं, जिनमें पूर्व-प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं। इसमें पुरानी लीज का नवीनीकरण शामिल नहीं होता है। जेएलएल इंडिया ने बताया कि जनवरी-मार्च के दौरान कार्यालय स्थल की नई आपूर्ति पिछले साल के 29 लाख वर्ग फुट की तुलना में घटकर 13.9 लाख वर्ग फुट रह गई।

हालांकि, कंपनी का मानना है कि दिल्ली-एनसीआर के कार्यालय बाजार की बुनियादी स्थिति मजबूत बनी हुई है और आने वाली तिमाहियों में पट्टा गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

जेएलएल इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (कर्नाटक और केरल) राहुल अरोड़ा ने कहा, ''बाजार की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है और अखिल भारतीय स्तर पर रिक्ति दर गिरकर पांच साल के निचले स्तर 14.7 प्रतिशत पर आ गई है।'' उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों द्वारा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित करने की मांग से बाजार को सहारा मिल रहा है।


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते है। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# केरल के 2 मंदिरों में बुरी तरह बेकाबू हुए हाथी, 2 लोगों को कुचलकर मार डाला..

डेस्क जगप्रेरणा।

***केरल के अंगमाली और इरिंजालाकुड़ा में शुक्रवार को मंदिर उत्सव के दौरान हाथियों के बेकाबू होने से दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।***



इन घटनाओं से इलाके में दहशत फैल गई। अंगमाली के किडंगूर महाविष्णु मंदिर के पास एक हाथी अचानक बेकाबू हो गया। इस हाथी की पहचान 'मय्यानाड पार्थसारथी' के रूप में हुई है, जिसे मंदिर उत्सव के लिए लाया गया था। जानकारी के मुताबिक, उत्सव के बीच में हाथी को मंदिर परिसर के पास बांधा गया था, तभी वह अचानक हिंसक हो गया। इस दौरान वहां भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे।

## हाथी को लाने वाले ट्रक के ड्राइवर की मौत..

अंगमाली में कोल्लम निवासी विष्णु, जो हाथी को लाने वाले ट्रक का ड्राइवर था, की मौत हो गई। वह हाथी को काबू में करने की कोशिश कर रहा था, तभी हाथी ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे महावत प्रदीप घायल हो गए और उन्हें लिटिल फ्लावर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। बेकाबू हाथी ने आसपास खड़ी कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। टीवी फुटेज में हाथी को एक कार को कई बार पलटते और पूरी तरह नष्ट करते हुए देखा गया और कुछ दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए।

## वन विभाग की टीम ने मुश्किल से किया काबू..

बताया जा रहा है कि इलाका घनी आबादी वाला होने के कारण अधिकारियों को डर था कि हाथी कहीं रिहायशी इलाकों में न घुस जाए। इसके बाद वन विभाग की टीम और एलीफेंट स्क्वॉड ने मिलकर उसे काबू में करने की कोशिश शुरू की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पशु चिकित्सक ने हाथी को बेहोशी का इंजेक्शन दिया। शुरुआत में हाथी और उग्र हो गया और एक अन्य वाहन को भी पलट दिया, लेकिन बाद में धीरे-धीरे शांत हो गया। इसके बाद रस्सियों और जंजीरों की मदद से उसे पेड़ों से बांधकर काबू में किया गया। फिलहाल हाथी मंदिर के सामने मैदान में निगरानी में रखा गया है।

## कई बड़े उत्सवों में हिस्सा ले चुका था हाथी..

एलीफेंट टास्क फोर्स के सदस्य बीनू ने बताया, 'हमें सूचना मिली थी कि हाथी बेकाबू हो गया है और एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। हम तुरंत मौके पर पहुंचे। कई कोशिशों के बावजूद हाथी बार-बार हमला कर रहा था।

बाद में डॉक्टर ने उसे बेहोश किया, जिसके बाद उसे काबू में किया जा सका। अब स्थिति सामान्य है।' एक व्यक्ति ने कहा कि यह हाथी पहले त्रिशूर पूरम जैसे बड़े उत्सव में भी हिस्सा ले चुका है और आमतौर पर शांत रहता है। बताया जा रहा है कि यह शख्स उस हाथी के साथ काफी पहले से जुड़ा हुआ है।

## इरिंजालाकुड़ा में भी हाथी ने ली एक की जान..

वहीं, श्री कूडलमणिक्यम मंदिर, इरिंजालाकुड़ा में भी एक और हाथी ने हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह हाथी एक दिन पहले ही हिंसक हो गया था और उसे बांधकर रखा गया था। शुक्रवार को जब महावत उसे खाना देने पहुंचे, तो हाथी ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में दूसरे (सहायक) महावत की मौत हो गई, जबकि मुख्य महावत घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बयान दर्ज किए जा रहे हैं और यह भी जांच की जाएगी कि मंदिर प्रबंधन (देवस्वम) की ओर से कोई लापरवाही तो नहीं हुई।

# मध्य प्रदेश नाव हादसाः मां और 3 साल के बेटे का एक दूसरे को पकड़े हुए ऐसा शव मिला, तस्वीर देख रो पड़ेंगे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के जबलपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में एक क्रूज नाव पलट गई, जिसमें नाव पर सवार सभी लोग पानी में डूब गए। इसमें अबतक नौ शव निकाले जा चुके हैं।***



जो नौवां शव बरामद हुआ है उसे देखकर वहां मौजूद राहत बचाव दल के सभी लोगों की आंखें भर आईं। शव एक महिला का मिला है, जिसकी गोद में उसका तीन साल का बच्चा है। बच्चा मां से कसकर चिपका हुआ था। मां और बच्चे के शवों को किनारे पर लाते समय बचावकर्मी भी स्पष्ट रूप से सदमे में थे। बचाव दल ने बताया कि दोनों ने लाइफ जैकेट पहनी हुई थी, लेकिन इस हादसे में दोनों की मौत हो गई।

पिछले चौबीस घंटे से बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पलटी हुई क्रूज नाव बरगी बांध में लगभग 20 फीट की गहराई में फंसी हुई है, और इसे निकालने के लिए गोताखोरों, नावों और भारी मशीनों को तैनात किया गया है। नाव को किनारे के करीब खींचने और उसके डूबे हुए डिब्बों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं।

अधिकारियों का कहना है कि मां और उसके बच्चे की मौत के बाद भी एक-दूसरे से लिपटी हुई तस्वीर बचाव स्थल पर लोगों को सता रही है। नर्मदा नदी के किनारे, चिंतित परिवार चुपचाप इंतजार कर रहे हैं, खोज जारी रहने के बावजूद उम्मीद से चिपके हुए हैं। बरगी बांध, नर्मदा नदी पर बनी सबसे शुरुआती प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

इसका निर्माण 1974 में शुरू हुआ और 1990 में राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के पास बरगी गांव के नजदीक पूरा हुआ। ये दुखद घटना गुरुवार शाम को हुई जब मध्य प्रदेश पर्यटन की एक क्रूज नाव, जिसमें लगभग 40 से 45 यात्री सवार थे, अचानक आए तूफान की चपेट में आने से तटबंध से लगभग 300 मीटर दूर पलट गई। लगभग 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण नाव अनियंत्रित हो गई और तेजी से डूबने लगी। शुक्रवार तक नौ शव बरामद किए जा चुके थे। गुरुवार को 16 लोगों को बचा लिया गया था, लेकिन लापता लोगों की सही संख्या के बारे में अभी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। अधिकारियों को आशंका है कि डूबे हुए जहाज के अंदर अभी भी कई लोग फंसे हो सकते हैं। बचे हुए लोगों के बयानों से अफरा-तफरी और अपर्याप्त तैयारियों की भयावह तस्वीर सामने आती है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि रवाना होने से पहले उचित सुरक्षा जांच नहीं की गई थी और लाइफ जैकेट या तो उपलब्ध नहीं थीं या नाव के डूबने के बाद ही वितरित की गईं। शुरुआती नाजुक क्षणों में, स्थानीय ग्रामीणों ने ही आगे बढ़कर पानी में रस्सियां फेंकीं और पानी में डूबने से बचने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को बाहर निकालने में मदद की।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

# हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, कार ने लॉरी में मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां आउटर रिंग रोड (ORR) पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी 'लॉरी' को पीछे से टक्कर मार दी।***




टक्कर इतनी तेज थी कि छह लोगों की इस हादसे में मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे लॉरी पर लदे माल की रस्सी कसने के लिए लॉरी को रोका गया था। हालांकि इसी दौरान कार ने पीछे से लॉरी में टक्कर मार दी। कार में कुल 7 लोग सवार थे। इस हादसे में 6 की मौत हो गई, जबकि एक घायल है।

## हादसे में 6 की मौत..

पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला और तीन बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि माल को सुरक्षित रखने वाली रस्सियों को कसने के लिए लॉरी को सड़क किनारे रोककर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि एक परिवार के सात सदस्य कार से सफर कर रहे थे। उसने बताया कि एक घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा उसकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह परिवार यादद्रि-भुवनगिरि जिले में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने घर संतननगर लौट रहा था।

## बीआरएस ने जताया शोक..

पुलिस के मुताबिक हादसे में हताहत हुए लोग राजन्ना सिरसिल्ला जिले के सिरसिल्ला कस्बे के रहने वाले थे। विधानसभा में सिरसिल्ला सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। हादसे में जान गंवाने वालों के परिवार के मुखिया सिरसिल्ला के एक बीआरएस नेता के भाई हैं। बीआरएस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रामाराव ने शोकसंतप्त परिवार से बातचीत की तथा घटना पर दुख प्रकट किया।

# बैतूल में आग से 10 मकान खाक, दर्जन भर मवेशी झुलसे, 5 बाइक भी जली, 200 लोगों ने पाया काबू..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बैतूल जिले में शनिवार शाम को आए आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। भैंसदेही तहसील की ग्राम पंचायत बाशिंदा के बर्राढाना में सायं करीब 6 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आधा घंटे के दौरान दस मकान खाक हो गए।***

लगभग 2 सैकड़ा ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधनों से आग पर काबू पाया। तब तक घरों में रखा अनाज, नकदी, घरेलू सामान, 5 बाइक, खाक हो गई। आग के कारण दर्जन भर मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। आगजनी की जानकारी मिलते ही राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड घटना स्थल तक नहीं पहुंची थी।

## प्रशासन बना रहा राहत की व्यवस्था..

भैंसदेही एस डी एम अजीत मरावी ने बताया कि भीमपुर ब्लॉक के थाना मोहदा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बाशिंदा के बर्राढाना में आग से लगने की घटना पर कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। आगजनी से प्रभावित ग्रामीणों के राशन सहित अन्य आवश्यक सुविधा के निर्देश दिए गए। साथ ही नुकसानी का आंकलन कर आर बी सी 6 (4) के तहत प्रकरण शीघ्र प्रेषित कर राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## तेज हवाओं और सिलेंडर ब्लास्ट होने से फैली आग..

ग्राम पंचायत बाशिंदा के सरपंच धन्नू धुर्वे ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे पूरे इलाके में आंधी-तूफान का दौर शुरू हो गया था। जिससे अनेक पेड़ गिर गए एवं विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सरपंच के मुताबिक इसी दौरान ग्राम पंचायत के बर्राढाना में एक घर में अचानक आग लग गई। आंधी के कारण आग तेजी से फैलने लगी। आग की चपेट में आने से घरों में रखे लगभग पांच सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

## 10 गृहस्थी हुई खाक..


सरपंच धन्नू धुर्वे ने बताया कि आधे घंटे के दौरान आग ने दस मकानों को चपेट में ले लिया। हालांकि लगभग दो सौ ग्रामीणों ने कुओं, हैंडपंपों से पानी लाकर आग पर काबू करने का प्रयास किया, तब तक 10 मकान सहित मकान में रखा अनाज, घरेलू सामान, नकद राशि, 5 बाइक खाक हो गई।

आगजनी से दर्जन भर मवेशी झुलस गए। आगजनी की सूचना मिलते ही राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मैदानी अमला आगजनी पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराने एवं आगजनी से हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटा हुआ है। मोहदा थाने से एसआई रामस्वरूप रघुवंशी घटनास्थल पर मौजूद रहे। लहाल आग से हुए नुकसान का सटीक आंकड़ा सामने नहीं आ सका है। प्रशासन के मौके पर पहुंचने और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बस को ट्रक ने टक्कर मारी, महिला की मौत, 15 घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर शुक्रवार शाम एक ट्रेलर ट्रक ने एक मिनी बस को टक्कर मार दी, जिससे 50 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के 15 सदस्य घायल हो गए।***



पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शाम करीब छह बजे चिंचनीपाड़ा के पास हुई, जिसके कारण राजमार्ग पर लंबा यातायात जाम लग गया। पीड़ित परिवार एक सदस्य को मुंबई हवाई अड्डे छोड़ने के लिए गुजरात से आ रहा था। कासा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मिनी बस का टायर पंक्चर हो गया था, जिसके कारण उसकी गति धीमी हो गई थी। उन्होंने कहा कि इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। अधिकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पुष्पा लाड (50) की मौके पर ही मौत हो गई। कासा थाने के निरीक्षक अमर पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घायलों को तुरंत कासा उप-जिला अस्पताल ले जाया गया।

इस राजमार्ग पर 12 घंटे के भीतर यह दूसरा हादसा था। शुक्रवार सुबह पालघर के सांसद हेमंत सावरा की कार की भी एक डंपर ट्रक से भिड़ंत हो गई थी। नायगांव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कार गुजरात की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे डंपर और कार के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में सांसद सावरा को मामूली चोटें आईं, लेकिन कार चालक के हाथ की हड्डी टूट गई जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा, चलती कार में आग लगने से पांच लोग जिंदा जले..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर देर रात बड़ा हादसा हो गया। यहां एक चलती कार में आग लगने से कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गए। वहीं, कार चालक गंभीर रुप से झुलस गया।***



डीएसपी कैलाश जिंदल ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रात एक बजे मौजपुर के पास दिल्ली से कोटा की ओर जा रही एक कार में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। कार में सवार लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला और पूरी कार चंद मिनटों में आग का गोला बन गई। कार में सवार एमपी के श्योपुर निवासी तीन महिला, एक बच्ची व एक पुरुष सहित पांच लोग जिंदा जल गये। हादसा पिलर नम्बर 115/300 पर हुआ। कार चालक एमपी के श्योपुर निवासी विनोद कुमार मेहर ने बड़ी मुश्किल से कार से कूद कर अपनी जान बचाई। हादसे में कार चालक विनोद कुमार मेहर 80 प्रतिशत झुलस गया। वहीं, राहगीरों की सूचना पर एनएचएआई पेट्रोलिंग टीम और एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना मिलते ही गश्त कर रही लक्ष्मणगढ पुलिस थाने का जाप्ता और एसएचओ नेकीराम मौके पर पहुंचे और दमकल को भी सूचना दी।

## मृतकों की पहचान में जुटी पुलिस..

दमकल मौके पर पहुंचती, उससे पहले ही आग ने पूरी कार को कबाड़ में तब्दील कर दिया। इस बीच दो दमकल मौके पर पहुंचीं और कार में लगी आग पर काबू पाया। कुछ ही देर में ही डीएसपी कैलाश जिंदल भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने हादसे में 80 प्रतिशत झुलसे कार चालक को इलाज के लिये पिनान के सीएचसी में भिजवाया। ड्राइवर की हालत नाजुक होने पर आगामी इलाज के लिये अलवर रेफर कर दिया गया। बाद में कार चालक को इलाज के लिये अलवर के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलते ही एसपी सुधीर चौधरी भी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हादसे में झुसले लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है

# महिला की हत्या करके शव रसोई के फर्श के नीचे छिपाने का आरोपी व्यक्ति गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पिछले साल दिसंबर में एक महिला की कथित तौर पर हत्या करके फरार हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मल्काजगिरि पुलिस आयुक्तालय के अनुसार,***



पेशे से प्लंबर 47-वर्षीय आरोपी ने 47-वर्षीय महिला मजदूर की हत्या करके उसके शव को अपने किराये के घर की रसोई के फर्श के नीचे ईंटों से छिपा दिया और फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त (मल्काजगिरि) सी. श्रीधर ने कहा कि मामले का कई महीने बाद खुलासा हुआ, जब मकान मालिक को घर से बदबू आने लगी। उन्होंने कहा कि मकान मालिक ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा, जहां क्षत-विक्षत शव मिला। श्रीधर ने कहा कि आरोपी की पहचान करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने परिवार से अलग रहने के कारण अकेला रहता था और महिला से उसकी मुलाकात मजदूर अड्डे पर हुई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी और वे अक्सर साथ में शराब पीते थे। पुलिस ने कहा कि 15 दिसंबर 2025 को दोनों एक मजदूर अड्डे पर मिले, काम न मिलने पर उन्होंने पहले शराब की दुकान के पास और बाद में आरोपी के घर पर शराब पी। पुलिस ने कहा कि इस दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और महिला ने आरोपी के निजी जीवन के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। पुलिस ने कहा कि अपमान से नाराज होकर आरोपी ने डंडे से महिला पर हमला किया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने मृत महिला के हाथ, पैर एवं गर्दन को रस्सी से बांधा और रसोई के फर्श के नीचे छिपाकर ईंटों का ढांचा बनाकर ढक दिया तथा फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार महिला का परिवार से अधिक संपर्क नहीं था, इसलिए उसकी गुमशुदगी की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई और मामला छिपा रहा। पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में 17 अप्रैल को जानकारी सामने आई, जब पिछले साल दिसंबर से आरोपी से संपर्क नहीं कर पा रहे मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया, जहां रसोई के प्लेटफॉर्म को हटाने पर क्षत-विक्षत कंकाल मिला। पुलिस ने तकनीकी जांच और पुख्ता जानकारी के आधार पर आरोपी को एक मई को जुबली बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# स्पर्धा परीक्षाओं में सफलता के लिए अभ्यास और निरंतरता जरूरी- प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे

### एनएमएमएस परीक्षा में भिवरामजी विद्यालय की बड़ी उपलब्धि..

### 10 विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए चयनित..

### चार वर्षों में प्रत्येक छात्र को मिलेंगे 48,000 रुपये..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***विद्यार्थियों के अच्छे कार्यों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, जिससे उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आज का युग एआई, कंप्यूटर और आधुनिक तकनीकों का है, जहां प्रतिस्पर्धा का विशेष***

महत्व है। विद्यार्थियों को स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त पठन-पाठन की आदत भी विकसित करनी चाहिए। आईएएस, आईपीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में लाखों विद्यार्थी शामिल होते हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम ही सफल हो पाते हैं।

ऐसे में प्रतियोगी परीक्षाओं में टिके रहने के लिए निरंतर अभ्यास और लगन बेहद जरूरी है। यह विचार प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे ने भिवरामजी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय में आयोजित एनएमएमएस छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

विद्यालय के कक्षा 8वीं के 10 विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित एनएमएमएस परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल करते हुए छात्रवृत्ति प्राप्त की है। इन विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक चार वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 12,000 रुपये, कुल 48,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। विद्यालय ने अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए इस परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वैद्यकीय अधिकारी डॉ. संगीता भोयर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेविका मेघा शंभरकर, विद्यार्थियों के पालक अशोक बावने, होमचंद बिसेन, सुरेश बोपचे, महेंद्र मेश्राम, सुखदेव कटरे, रोशनी कटरे, रत्नमाला कोसरे, सरिता बोपचे, रीना पटले, दसाराम गौतम, सीमा गौतम सहित अनेक अभिभावक मौजूद थे। डॉ. संगीता भोयर ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही विद्यालय प्रगति करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में लक्ष दसाराम गौतम, समीक्षा सुरेश बोपचे, नेहा अविनाश हटवार, सोनल खेमराज ठाकरे, स्वर्णा अशोक बावने, खुशी संतोष कोसरे, सिद्धी होमचंद बिसेन, आर्या सुखदेव कटरे, अथर्व महेंद्र मेश्राम और मुस्कान किशोर पटले का समावेश है।

कार्यक्रम का संचालन विवेककुमार बन्सोड ने किया तथा आभार प्रदर्शन आर. एस. मेश्राम ने किया। विद्यार्थियों की सफलता में प्रतियोगी परीक्षा प्रमुख जी. एन. बिसेन, एस. पी. भगत, ए. बी. राठोड़, जे. सी. लांजेवार, एस. पी. टेंभरे, उत्कर्ष बोरकर, नंदा बोरकर, नामदेव अटकुलवाड, गायत्री बिसेन, एस. एम. कटरे, अनिता उपरीकर, वी. वी. मेश्राम, रोशनी बिसेन, शुभांगी पटले, शिरीन भारतकर, संगीता वालदे और विनोद धावडे का विशेष योगदान रहा।

# नारी शक्ति का सम्मान: फुटाणा में महिला ऑटो चालक के हाथों ध्वजारोहण..

### महाराष्ट्र दिवस पर ग्राम पंचायत की सराहनीय पहल, ग्रामीणों ने निर्णय का किया स्वागत..



जगप्रेरणा देवरी।

***महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के अवसर पर, फुटाणा ग्राम पंचायत ने इस वर्ष परंपरा को तोड़ते हुए एक मेहनतकश महिला का गौरव बढ़ाया।***

गांव की पहली महिला ऑटो चालक कुंता दशरथ उके के हाथों मुख्य ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुआ। श्रमिक वर्ग और नारी शक्ति का सम्मान करने वाला यह उपक्रम पूरे तालुका में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जुनून और दृढ़ता का सम्मान..

आमतौर पर ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों या वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाता है। हालांकि, इस साल सरपंच और सदस्यों ने मिलकर गांव की एक कर्मठ महिला को यह सम्मान देने का निर्णय लिया।

कुंता उके पिछले एक साल से ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनके इसी साहस और जुनून को सलाम करने के लिए ग्राम पंचायत ने उनका चयन किया।

### भावुक कर देने वाला समारोह..

सुबह ठीक 8:00 बजे ग्राम पंचायत प्रांगण में यह समारोह आयोजित किया गया। जब एक साधारण महिला ऑटो चालक ने ध्वज की रस्सी खींची और तिरंगा फहराया, तब उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें सलामी दी।

### बोली महिला ऑटो चालक कुंता उके..

'आज तक कई लोगों को ध्वजारोहण करते देखा है, लेकिन ग्राम पंचायत ने मुझ जैसी एक साधारण मेहनतकश महिला को यह सम्मान दिया, यह मेरे लिए किसी सपने जैसा है। यह केवल मेरा नहीं, बल्कि संघर्ष करने वाली हर महिला का सम्मान है।'

इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, सभी ग्राम पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच कमलेश नंदेश्वर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, 'गांव का हर वर्ग महत्वपूर्ण है। ऑटो चलाकर आत्मनिर्भर बनी हमारी बहन का सम्मान करना हमारा कर्तव्य था।'

ग्राम पंचायत के इस निर्णय से समाज में स्त्री-पुरुष समानता और श्रम की प्रतिष्ठा का एक सकारात्मक संदेश गया है। इस अनूठे समारोह की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।दो सिकलसेल वाहकों की शादी होने से बचना चाहिए।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।। मो। 9329033433

# किरसान्स मिशन स्कूल एण्ड ज्यु. कॉलेज गोरेगांव की तालुका टॉपर तेजस्वनी का शानदार प्रदर्शन





जगप्रेरणा गोरेगांव।

***स्थानिक किरसान्स मिशन स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, गोरेगांव की छात्रा तेजस्वनी आर. जैसवाल ने एच एस सी परीक्षा***

2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तालुका टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी परीक्षा में-द्वितीय स्थान सामिक्षा बी. हटवार (68.17प्रति.)तृतीय स्थान चिन्मयी पी. टेम्भेकर (58.17प्रति.)ने भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की व सभी विद्यार्थीयों ने 100प्रति. परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार सफलता पर श्री दुष्यन्त किरसान सर (एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर, गुरुदेव आदिवासी प्रसारक मंडळ, गोविंदपुर), सौ. सीमा किरसान मॅम (मैनेजिंग डायरेक्टर, किरसान्स इंटरनॅशनल पब्लिक स्कूल, गणखैरा), प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मॅम तथा सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के समर्पण का परिणाम बताया। सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

# सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय के छात्रों ने भरी उँची उड़ान..







जगप्रेरणा सालेकसा।

***2 मई 2026 को कक्षा 12 वीं के महाराष्ट्र राज्य उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।***

इसमें श्री समर्थ न्यू एज्युकेशन सोसायटी गोंदिया द्वारा संचालित सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा के छात्रों ने कला शाखा मे उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एच एस सी की परीक्षा में कु.रोशनी गोपाल बावनकर ने 83.17 प्रति. अंक प्राप्त कर कला शाखा मे महाविद्यालय से एव साथ ही सालेकसा तालुका से प्रथम स्थान हासिल किया।

कु भूमिका मुन्नालाल राऊत ने 83प्रति. अंक प्राप्त कर तालुका एव महाविद्यालया से द्वितीय क्रमांक प्राप्त किया है. जबकि कु. अर्पिता सुनील मेश्राम ने 82.17प्रति. अंक प्राप्त कर तालुका के साथ ही महाविद्यालय से तीसरा क्रमांक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सपना कुवरलाल उपराडे ने 78प्रति.प्राप्त किये तो लुकेश हेमंत उपराडे ने 75प्रति. प्राप्त किये जो महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। कुल 148 विद्यार्थी मे से 126 विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर महाविद्यालय का 85प्रति. निकाल रहा है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव समीर सिंग बैस एव भूतपूर्व प्राचार्य शशी निवास मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।कनिष्ठ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर बी वैद्य एव कनिष्ठ महाविद्यालय के साथ साथ हायस्कूल के सभी शिक्षकाने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शहीद मिश्रा कनिष्ठ महाविद्यालय में सफलता की परंपरा कायम..



### विज्ञान संकाय का परिणाम 99.28 प्रति. तथा कला संकाय का 71.42 प्रति.

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***हाल ही में घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शंकर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित शहीद मिश्रा विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय,***

तिरोड़ा ने अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विज्ञान संकाय का परिणाम 99.28 प्रतिशत रहा, जबकि कला संकाय का परिणाम 71.42 प्रतिशत दर्ज किया गया।

विज्ञान संकाय में रौनित नीलकमल लिल्हारे (92.50 प्रति.), गायत्री अंजीलाल पटले (91.17प्रति.), शौर्य राकेश कठाणे (86.83प्रति.), रश्मी हेमराज पटले (84.50प्रति.), विशाखा त्रिलोकचंद पारधी (81.67प्रति.), पारस नांदगाये (81प्रति.), आशा रामदास साठवने (77.50प्रति.), छत्रपाल गौरीशंकर चौधरी (76प्रति.) तथा हर्षिता सुनील बिसने (75.17प्रति.) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कला संकाय में साक्षी देबीलाल टेभरें (65प्रति.), आदेश दिलीप मेश्राम (58.67प्रति.) तथा पल्लवी सोमराज पारधी (52.33प्रति.) ने सफलता प्राप्त की।

इस शानदार उपलब्धि पर संस्थाध्यक्ष रमेशचंद्र झारिया, उपाध्यक्ष संजीव कोलते, सचिव उमाशंकर हारोडे, प्राचार्य निकेशकुमार मिश्रा, उपप्राचार्या सीमा भाजीपाले, पर्यवेक्षक टी.डी. पटले, पुरुषोत्तम बोकडे, तारेंद्र रहांगडाले, सुनील वडिचोर, नंदकिशोर पुसतोडे, संगीता भगत, शुभांगी बैस, वर्षा पाकधणे, अनिता महादुले, माया बनसोड, जितेंद्र पटले सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

# एस. डी. बी. कनिष्ठ महाविद्यालय की विज्ञान शाखा के छात्रों का शानदार प्रदर्शन







जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***2 मई को कक्षा 12 वीं के महाराष्ट्र राज्य उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।***

इसमें एस. डी. बी. कनिष्ठ महाविद्यालय के छात्रों ने शत-प्रतिशत (100प्रति.) परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में देवकुमार जितेंद्र भाई पटेल ने 78प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कु सृष्टि राजू भगत ने 76.50प्रति. अंक प्राप्त किए, जबकि कु अनुष्का किरण रहांगडाले ने 74.67प्रति. अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कुल 58 छात्रों में से 43 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव अनुप बोपचे तथा संस्था अध्यक्ष देवलन आई बोपचे ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। कनिष्ठ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनघा पांडे ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक आधुनिकीकरण कार्य हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल विदर्भ एक्सप्रेस के संचालन में अस्थायी संशोधन

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-4 (लाइन नंबर 06) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने का महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के सफल एवं सुरक्षित निष्पादन के लिए रेल प्रशासन द्वारा विदर्भ एक्सप्रेस के संचालन में अस्थायी संशोधन किया गया है।***

रेलवे प्रशासन के अनुसार पूर्व में अजनी स्टेशन तक निर्धारित समाप्ति/नियंत्रित एवं प्रारंभ व्यवस्था को संशोधित करते हुए अब नागपुर स्टेशन किया गया है।

इसके तहत गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस दिनांक 02 मई 2026 से 22 मई 2026 तक कुल 21 ट्रिप नागपुर स्टेशन पर समाप्त/नियंत्रित होगी तथा नागपुर-गोंदिया खंड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल विदर्भ एक्सप्रेस दिनांक 03 मई 2026 से 23 मई 2026 तक कुल 21 ट्रिप नागपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गोंदिया-नागपुर खंड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है एवं सहयोग की अपेक्षा करता है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी रेलवे पूछताछ सेवा, **NTES** अथवा निकटतम रेलवे स्टेशन से प्राप्त कर लें।

# रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने व हिंदी के प्रति रूची उत्पन्न करने एवं रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना, प्रारम्भ की गई है।***

इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण ''रेल यात्रा वृत्तांत'' विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नम्बर 316, काफ्मो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं । इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम पुरस्कार 10000 रू. के, द्वितीय पुरस्कार 8000 रू. के, तृतीय पुरस्कार 6000 रू. के एवं 5 प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक के लिए 4000 रु. के पुरस्कारों की व्यवस्था रखी गई है ।

### इस प्रतियोगिता में भाग लेने वालो के लिए नियमावली निम्नानुसार है..

रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने वाले प्रतियोगी को चाहिए कि वे अधिक से अधिक 3000 शब्दों में यात्रा वृत्तांत कागज के एक ओर डबल स्पेस में टाइप, होना चाहिए, दो प्रतियों में होना चाहिए एवं प्रतियोगी का **विवरण जैसेः-** नाम, पदनाम, आयु, पताः कार्यालय/निवास, मातृभाषा, दूरभाष/मोबाइल, ई-मेल आदि का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो ।

इस रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफन तो किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं ।यात्रा वृत्तांत हिंदी में और मौलिक होना चाहिए ।

### वृत्तांतों का चयनः

जिन वृत्तांतों को भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका हो, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए लेखक को प्रमाण पत्र देना होगा कि उसके लेख को किसी अन्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है ।

### पात्रताः

कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। यात्रा वृत्तांत भेजने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2026 है।




दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एव विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## गोंदिया विधानसभा ग्रुप द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर जागरूकता कार्यक्रम आज..

### सुबह 6.30 बजे सुभाष गार्डन में प्रताप भारद्वाज करेंगे मार्गदर्शन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***जल संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए गोंदिया विधानसभा ग्रुप द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस गार्डन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर रिचार्ज पर एक विशेष जन-जागरण कार्यक्रम का आयोजन आज 03 मई को सुबह 6:30 बजे से किया गया है।***

इस कार्यक्रम में जल संरक्षण क्षेत्र के अनुभवी मार्गदर्शक प्रताप भारद्वाज उपस्थित रहकर वर्षाजल संचयन के सबसे सरल, सस्ती और प्रभावी तकनीकों की जानकारी देंगे। श्री भारद्वाज जल संग्रहण को लेकर नया घर बनाते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग का डिज़ाइन, पहले से बनी इमारतों में रिचार्ज सिस्टम जोड़ने के आसान तरीके, जमीन के नीचे जलस्तर को बढ़ाने के व्यावहारिक मॉडल, 30 मिनट में समझ आने वाली फील्ड-आधारित जानकारी उपस्थित जनों को प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरवासियों में जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना और हर नागरिक को बातों से आगे बढ़कर जमीन पर काम करने के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों ने आम नागरिकों, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों तथा विद्यार्थी समूहों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक लोग जल संरक्षण की दिशा में स्वयं आगे आएं।

### गोंदिया जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने किया गया

## प्रधान मुख्य वन संरक्षक के हस्ते नवेगांव नागझिरा टाईगर रिजर्व के मुरदोली गेट का भव्य शुभारंभ..

### जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने प्रवेशकर्ताओं के वाहन को दिखाई हरी झंडी..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर 1 मई को नवगांव नागझिरा टाईगर रिजर्व अंतर्गत सड़क अर्जुनी वनपरिक्षेत्र के मुरदोली में नव निर्मित मुरदोली पर्यटन गेट (बफर क्षेत्र) का भव्य उद्घाटन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।***

इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन व वन्यजीव) ऋषिकेश रंजन, भा. व. से., नागपुर के शुभहस्ते किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उप वनसंरक्षक एवं नवेगांव नागझिरा टाईगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक, श्रीमती प्रियंका जगताप तथा गोंदिया के जिलाधिकारी मा. डॉ. मंगेश गोंदावले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने प्रवेशकर्ताओं के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, और पर्यटन विकास की दृष्टि से इस पहल के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ऋषिकेश रंजन ने कहा कि नवीन पर्यटन गेट के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही यह पहल वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में उपस्थित मान्यवरों ने पर्यावरण संरक्षण, सतत पर्यटन और स्थानीय सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे उपक्रमों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर जिले के पत्रकार, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में पर्यटक उपस्थित रहे। सभी ने जंगल सफारी का आनंद लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..

जग प्रेरणा


चौरसिया पान सेंटर

जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया

मो. 08806083231

## प्रोग्रेसिव्ह सायंस ज्यु. कॉलेज का कक्षा 12 वी परीक्षा परिणाम रहा शत् प्रतिशत..

### 88.00 प्रतिशत अंक ओजस एल. रहांगडाले रहे विद्यालय मे प्रथम..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह सायंस ज्यु. कॉलेज, गोंदिया (स्टेट बोर्ड) ने इस वर्ष भी कक्षा 12 वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत*** अर्जित किया। प्रतिभावान छात्र ओजस एल. रहांगडाले ने 88.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर कु. मोहिनी सी. पटले ने 87.00 प्रतिशत तथा कु. दिशा ए. भोनडे ने 81.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर सफलता प्राप्त की।

इसी क्रम में मा. उज्जवल एस. कोटेकर 80.17 प्रतिशत, कु. मानवी वाय. रामभाल 80.00 प्रतिशत, मा. आदित्य एस. कारवट 79.17 प्रतिशत, मा. तेजस एस. हट्टेवार 78.17 प्रतिशत, मा. कानन एस. चापले 76.83 प्रतिशत, मा. योगांत एच. पटले 76.50 प्रतिशत, मा. र्समथ एच. खोब्रागडे 75.83 प्रतिशत, कु. अशमी के तिगारे 75.33 प्रतिशत, कु. निशा वी. गोपलानी 75.00 प्रतिशत, कु. मिनाक्षी जी. बिसेन 75.00 प्रतिशत लेकर प्रावीण्य सुची में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पंकज कटकवार, संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार, संचालिका श्रीमती लीना निरज कटकवार, प्राचार्या श्रीमती कुलदिप भौतिक, ओ.टी. रहांगडाले, विकास पटले, राहुल रामटेके ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु बधाई दी । वरिष्ठ शिक्षक सुनिल कटरे, एम. जी. पटले, ममता धरमकर, रितेश येडे, नुतन पारधी, पुजा अग्रवाल, सुशिल चौधरी, शुभांगी रहांगडाले, मिलिंद कुंभलवार, रितेश गजभिए, तेजस्विनी पटले, हेमंत कनौजिया ने भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गोंदिया में धुमधाम से मनाई गई बुद्ध जयंती, 'लेज़िम' नृत्य और आकर्षक झांकियों से सुसज्जीत रैली भी निकली..







जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया में तथागत गौतम बुद्ध की 2589 वीं जयंती अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जो जग में बुद्ध का नाम है, यही भारत की शान है। और बुद्ध धम्म की क्या पहचान –***

मानव-मानव एक समान.. जैसे नारों से गूँज उठी। पूरा शहर बुद्धमय हो गया था। भीमनगर के मैत्रिय बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के बाद, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे ने पंचशील ध्वज दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में कार, बाइक और रथ शामिल थे। 'लेज़िम' नृत्य की थाप और रथों पर सजी धार्मिक झांकियाँ जुलूस के मुख्य आकर्षण केंद्र थे।

झांकियों में माता आम्रपाली द्वारा तथागत बुद्ध की शरण में जाना, धम्ममाता सुजाता द्वारा बुद्ध को खीर दान करना, और तथागत द्वारा पंचवर्गीय भिक्षुओं को मार्गदर्शन देते हुए प्रथम धम्मचक्र प्रवर्तन के दृश्य मन को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। रैली में सभी द्वारा पहने गए सफेद वस्त्र और पंचशील के झंडे आकर्षण का केंद्र बने।

यह रैली अत्यंत शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से शहर से गुज़री। विभिन्न बुद्ध विहारों द्वारा पानी, ठंडे पेय, छाछ और लस्सी वितरित कर बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। बोधिसत्व बुद्ध विहार, धम्म जननी, आनंद, चैतन्य, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, लुंबिनी, जेतवन आदि विहार समितियों ने रैली का स्वागत किया। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति की ओर से इस रैली का आयोजन किया गया।

भीमनगर स्थित मैत्रेयबुद्ध बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के साथ रैली की शुरुआत हुई। शहर के विभिन्न बुद्ध विहारों में समिति के पूर्व अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने तथागत (भगवान बुद्ध) को नमन किया। जयंती समिति के कार्यकर्ता दिनेश उके (उपाध्यक्ष), डॉ. अश्विन खांडेकर (महासचिव), अंकुर गजभिये (सचिव), किशोर रामटेके (कोषाध्यक्ष), राजश्री गोंडाने (संयोजक), विलास वासनिक, पंकज वासनिक, सुनील भरणे, अनंत टेम्भूरकर, नानाजी शेंडे, सुशील गणवीर, संजय वाहने, सुरेश नंदेश्वर, अशोक कांबळे, एन. एल. मेश्राम, एकता गणवीर, सुनील मेश्राम, सविता उके, कोकिला राहुलकर, नरेंद्र मेश्राम, सुनील मेश्राम, डॉ. राजेश उके, संतोष शामकुंवर, सुनील गणवीर, सुनील डोंगरे, पृथ्वीराज कोल्हटकर ने सहयोग किया।

## श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी द्वारा संचालित जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

महाराष्ट्र शासन द्वारा 12 वीं की परीक्षा परिणाम आज 02 मई को घोषित किये गए, जिसमें श्री महावीर मारवाड़ी जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस की छात्रा कु. राधिका डी.मूंदड़ा ने 89.17 प्रतिशत प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कुमारी देवयानी पिसोड़े ने 85.17बेअंक प्राप्त कर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. साक्षी एस.कुगवानी ने 84.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तृतीय का नाम रौशन किया। कुमारी प्रिंसी आर.राहंगडाले ने 83.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में चतुर्थ, प्रणव पी.शर्मा 81.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। उसी प्रकार 40 विद्यार्थियों ने डिस्टिक्शन लिया। प्रथम ग्रेड में 135 विद्यार्थियो ने पास किए। 67 विद्यार्थियो ने द्वितीय ग्रेड में पास किया।

इस प्रकार सभी 244 पास विद्यार्थी उत्तीर्ण रे, जिनमें निलेश एस फुंडे ने गणित विषय में 99 अंक तथा शिवम भाटिया ने 91 अंक प्राप्त किया। इन्फर्मेशन टेक्नॉल्जी में दिव्यानी एल पिसोड़े ने 98 अंक तथा क्षितिज वासनिक ने 95 अंक प्राप्त किया। बायोलॉजी विषय में अलीशा तुरकर 97 अंक, रोशनी ठाकरे ने 97 अंक,गुंजन यादव 96 अंक राधिका मुंदड़ा ने 94 अंक, मिताली निर्विकार ने 94 अंक प्राप्त किए। हिन्दी विषय में वर्षा प्रजापति ने 95 अंक, स्नेहा शरणागत ने 95 अंक, श्रेयांश डोंगरे 93 अंक, अमीषा कटरे 93 अंक, रत्नी हटीले 93 अंक, वंशिका झा 93 अंक प्राप्त किए।

फिजिक्स विषय में राधिका मुंदडा ने 91, प्रिंसी राहंगडाले ने 90अंक प्राप्त किया। इंगलिश विषय में प्रिंसी राहंगडाले, वेदिका पाचे, राधिका मुंदडा ने 90 अंक प्राप्त किया। केमिस्ट्री में दिव्यानी पिसोडे ने 84 अंक प्राप्त किए। टेक्निकल विषय में दिशांत उंदीरवाडे ने 200 में से 176 अंक प्राप्त किये। कॉलेज का बेहतरिन परिणाम आने से विद्यार्थी और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

संस्था अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, सचिव श्री प्रकाशचंद् कोठारी, उपाध्यक्ष श्री किरण कुमार मूंदड़ा, पंडित श्री दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री वेदप्रकाश गोयल, श्रीनिवास मूंदड़ा तथा श्री सुशिल कुमार सिंघानिया ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे की अपने करियर में सफ्लता प्राप्त करें और संस्था का नाम रोशन करें और बधाई दी। कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की सफ्लता उनके परिश्रम शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। विद्यार्थियों ने अपने सफ्लता का श्रेय विदयालय के अध्यापको को दिया।

## महाराष्ट्र दिवस पर वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे से भाजपा ने की गोंदिया में 'टेक्सटाइल पार्क' बनाने की मांग..



जगप्रेरणा गोंदिया।

'महाराष्ट्र दिवस' के शुभ अवसर पर 1 मई को गोंदिया जिले के सर्वांगीण विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकरे से मुलाकात कर गोंदिया में 'टेक्सटाइल पार्क' स्थापित करने की मांग की गई। विधायक विनोद अग्रवाल के प्रतिनिधित्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से कर इस बात पर जोर दिया कि टेक्सटाइल पार्क के निर्माण से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, तथा युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष सौ. सीताताई रहांगडाले, जिला महामंत्री प्रशांत सहारे, श्री विनोद (गुड्डु) चांदवानी (संयोजक, भाजपा जिला एनजीओ आघाड़ी), अशोक जयसिंघानी (भाजपा जिला सचिव), हर्ष उजवने (उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा) उपस्थित थे। प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकरे ने आश्वस्त किया कि गोंदिया के विकास और युवाओं के हित में यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। उन्होंने इस प्रस्ताव पर जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही करने और उचित कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com